* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

9 YEARS

सफलता के 9 वर्ष

रांची 20 जून, 2024, गुरुवार, वर्ष 09, अंक 240, ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00







### सीएम की अध्यक्षता में कैबिनेट ने 33 प्रस्तावों पर लगायी मुहर

# झारखंड में होगा जातिगत सर्वेक्षण

- विधायकों का वेतन-भत्ता बढ़ा
- लुगुबुरु में नहीं लगेगा पावर प्लांट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैबिनेट ने राज्य में जातिगत सर्वेक्षण कराने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने बताया कि कैबिनेट में कुल 33 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इनमें विधायकों का वेतन-भत्ता बढ़ाने और दो डॉक्टरों को सेवामुक्त करने के प्रस्ताव शामिल हैं।

**होगा जातिगत सर्वेक्षण :** कैबिनेट के फैसले के अनुसार कार्मिक विभाग की देख-रेख में जातिगत सर्वेक्षण होगा। राज्य सरकार आनुपातिक समानता में तेजी लाने के उद्देश्य से जातिगत सर्वेक्षण करायेगी। इसके लिए झारखंड कार्यपालिका नियमावली में बदलाव करते हुए कार्मिक विभाग के कार्य दायित्व में जाति सर्वेक्षण को भी जोड़ा गया है।

**लुगुबुरु में नहीं लगेगा पावर प्लांट :** कैबिनेट ने लुगुबुरु में डीवीसी के 15 सौ मेगावाट के पावर प्लांट को स्थगित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अब इससे संबंधित अनुरोध भारत सरकार को भेजा जायेगा।

**झारखंड वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन :** झारखंड वरीय न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन किया गया है। इसके तहत अब लिखित परीक्षा में 45 फीसदी न्यूनतम अंक सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को लाना होगा और ओवरऑल 50 फीसदी अंक लाना होगा। वहीं आरक्षित वर्ग के छात्र-छात्राओं को 40 फीसदी और ओवरऑल 45 फीसदी अंक लाना होगा। वहीं इंटरव्यू और लिखित परीक्षा को जोड़ कर ही अब रिजल्ट जारी होगा।

**(कैबिनेट के अन्य फैसले देखें पेज 04 पर)**



### पुलिस अफसरों को प्रशंसा चिह्न मिलेगा

एक अन्य फैसले के अनुसार पुलिस अफसरों को अब प्रशंसा चिह्न दिये जायेंगे। इस बार गणतंत्र दिवस पर 120 पुलिस कर्मियों को प्रशंसा चिह्न दिये जायेंगे। कैबिनेट ने झारखंड गृह रक्षा सेवा नियमावली 2022 में संशोधन की स्वीकृति भी दी और झारखंड न्यायिक सेवा नियमावली 2024 के गठन को स्वीकृति दी।

### रिटायर्ड कर्मचारियों को प्रमोशन देने का निर्णय

झारखंड राज्य में 24 दिसंबर 2020 से 10 अप्रैल 2023 तक प्रमोशन पर रोक लगायी गयी थी और इसके बाद 10 अप्रैल 2023 को हटायी गयी थी। इस दौरान सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों को उनके रिटायरमेंट की तिथि से प्रमोशन देने का संकल्प जारी था। अब कैबिनेट में इसमें उस अवधि में रिटायर्ड कर्मचारियों को भी प्रमोशन देने का निर्णय लिया गया है।

### पीएम ने नालंदा विवि के नये परिसर का किया उद्घाटन

# शिक्षा अभियान का केंद्र बनेगा भारत: मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**राजगीर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार शपथ लेने के बाद बुधवार को पहली बार बिहार पहुंचे। वायुसेना के विशेष विमान से गया पहुंचने के बाद पीएम राजगीर गये, जहां वह राजगीर अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में शामिल हुए और नालंदा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित कैंपस का उद्घाटन किया।

मौके पर पीएम ने कहा कि तीसरी बार शपथ लेने के 10 दिन के अंदर यहां आने का मुझे सौभाग्य मिला है। नालंदा विश्वविद्यालय हमारी पहचान है। पुस्तकें भले जल जायें, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा पायीं। इसकी फिर से स्थापना भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रहा है। यह भारत के सामर्थ्य का परिचय देगा। पीएम मोदी ने कहा कि नालंदा केवल भारत के ही अतीत का पुनर्जागरण नहीं है। इसमें एशिया के कई देशों की विरासत जुड़ी हुई है। इस कार्यक्रम में उपस्थित मेरे मित्र देशों के प्रतिनिधियों का मैं अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि नालंदा का अर्थ है कि जहां शिक्षा और ज्ञान के दाह का अविरल प्रवाह हो। शिक्षा सीमाओं से परे है। नफा-नुकसान के नजरियों से भी परे है। शिक्षा ही हमें गढ़ती है। उसे विचार और आकार देती है। नालंदा में बच्चों का एडमिशन उनकी पहचान और उनकी राष्ट्रीयता को देख कर नहीं होता था। नालंदा में 20 से ज्यादा देशों के लोग पढ़ते थे। नालंदा विवि आसियान इंडिया विश्वविद्यालय की दिशा में भी काम कर रहा है। 21वीं सदी को एशिया की सदी कहा जा रहा है। हमारा साझा प्रयास दुनिया की नयी प्रगति को दिशा देगा।

पीएम मोदी ने कहा कि आज उच्च शिक्षा के लिए भारत में ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान खुल रहे हैं। अब भारत के शिक्षण संस्थान ग्लोबल हो रहे। नालंदा विवि को भी दुनिया के हर इलाके में जाना है। दुनिया बुद्ध के इस देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाह रही है। नालंदा की यह धरती विश्व बंधुत्व की भावना को नया आयाम दे सकती है। आने वाले 25 साल भारत के युवाओं के लिए महत्वपूर्ण है। नालंदा विवि के विद्यार्थियों के लिए आने वाले दिन महत्वपूर्ण हैं।

**सीएम नीतीश कुमार ने पीएम का किया स्वागत**

सीएम नीतीश कुमार ने पीएम मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि यह बहुत खुशी कि बात है कि आप पहली बार यहां आये। पुराने विश्वविद्यालय के खंडहर आज भी जस का तस है। नालंदा विवि की पहचान ज्ञान के केंद्र में रही। पहले यहां 15 हजार छात्र पढ़ते थे। देश और दुनिया के अनेक जगह के लोग आकर पढ़ते थे। चीन, जापान, श्रीलंका समेत अन्य कई देशों के लोग आकर यहां पढ़ते थे। 12वीं सदी में यह नष्ट हो गया था। मार्च 2005 तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने नालंदा विवि को फिर से स्थापित करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि यह बहुत पौराणिक जगह है। राजगीर दुनिया के पांच धर्मों का संगम स्थल है।

**ये रहे उपस्थित :** मौके पर विदेश मंत्री एस जयशंकर, बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कई देशों के राजदूत, केंद्र और राज्य सरकारों के मंत्री और अन्य कई मौजूद रहे।



### 455 एकड़ में फैला है नया विवि परिसर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटित नालंदा विश्वविद्यालय का नया परिसर 455 एकड़ में फैला हुआ है। इसमें कुल 221 संरचनाएं हैं। तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने 19 सितंबर 2014 को इसके निर्माण की नींव रखी थी। आर्किटेक्ट बीबी जोशी ने नालंदा विश्वविद्यालय के प्रारूप को डिजाइन किया है।

### भारत की पहचान फिर से दुनिया के ज्ञान के केंद्र के रूप में हो

पीएम मोदी ने कहा कि दो दिन बाद ही 21 जून को विश्व योग दिवस है। आज भारत में योग की सैकड़ों विधाएं मौजूद हैं। हमारे ऋषियों ने इतना गहन शोध किया कि आज पूरा विश्व योग को मान रहा है। आज आयुर्वेद को स्वस्थ जीवन के रूप में देखा जा रहा है। हम प्रगति और पर्यावरण को एक साथ लेकर चले। भारत ने विश्व को मिशन लाइफ जैसा विजन दिया। पीएम ने कहा कि मेरा मिशन है कि भारत दुनिया के लिए शिक्षा अभियान का केंद्र बने। भारत की पहचान फिर से दुनिया के ज्ञान के केंद्र के रूप में हो।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94,000 रु./प्रति किलो |



# विधानसभा चुनाव की आहट सुनते ही ताल ठोंकने लगी छोटी पार्टियां

## ■ जयराम महतो की जेबीकेएसएस ने 55 सीटों पर प्रत्याशी देने का कर दिया एलान

## ■ भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने भी ढाई दर्जन सीटों पर उम्मीदवार देने का किया है फैसला

## ■ दूसरे छोटे दल भी कर रहे हैं बड़े-बड़े दावे, पर किसी को नहीं है हकीकत का एहसास

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड में लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद अब विधानसभा चुनाव की आहट सुनाई देने लगी है। राजनीतिक दलों के बीच लोकसभा चुनाव परिणामों की पृष्ठभूमि में अगले छह महीने में होनेवाले विधानसभा चुनाव में पैदा होनेवाली परिस्थितियों के अनुरूप समीकरण तैयार करने की होड़ मची है, तो दूसरी तरफ नये समीकरण साधने की कोशिशें भी शुरू हो गयी हैं। इस बीच इस पूरे राजनीतिक परिदृश्य का सबसे दिलचस्प पहलू यह है कि झारखंड के छोटे-छोटे राजनीतिक दल भी अभी से ही ताल ठोंकने लगे हैं। लोकसभा चुनाव में गिरिडीह सीट पर 3.47 लाख से अधिक वोट लाकर राजनीतिक सनसनी पैदा करनेवाले झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के जयराम महतो ने विधानसभा चुनाव में 55 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का एलान कर सभी को चौंका दिया है। उधर चर्चित निर्दलीय विधायक सरयू राय द्वारा स्थापित पार्टी भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने भी विधानसभा चुनाव में 30 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। झारखंड में वैसे तो राजनीतिक दलों की कभी कमी नहीं रही, लेकिन इन दोनों दलों को किसी फैसले पर पहुंचने से पहले यह सोचना चाहिए कि उनके पास इतनी सीटों पर चुनाव लड़ने लायक संसाधन है या नहीं। झारखंड में भाजपा, कांग्रेस और झामुमो जैसे स्थापित राजनीतिक दल तो इतनी सीटों पर चुनाव लड़ने से कतराते रहे हैं, फिर सोचनेवाली बात यह है कि ये छोटे राजनीतिक दल इतने प्रत्याशी कहां से लायेंगे और उन्हें चुनाव कैसे लड़ाया जायेगा। क्या है इन छोटे-छोटे राजनीतिक दलों के दावे और इनकी हकीकत, क्या है झारखंड के छोटे राजनीतिक दलों के इन फैसलों की पृष्ठभूमि में इनका इतिहास और भविष्य, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद जिन चार राज्यों में विधानसभा चुनाव की आहट सुनाई देने लगी है, उनमें झारखंड भी है। झारखंड विधानसभा की 81 सीटों के लिए अगले पांच-छह महीने में चुनाव होगा। इसकी तैयारियां होने लगी हैं। राजनीतिक दलों में इस चुनाव की रणनीति बनने लगी है और लोकसभा चुनाव के परिणाम की पृष्ठभूमि में राजनीतिक समीकरणों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दलों की रणनीति और राजनीतिक समीकरण जहां रांची के साथ दिल्ली में भी तय किये जा रहे हैं, वहीं झामुमो और आजसू जैसी क्षेत्रीय पार्टियों में भी इस मुद्दे पर विचार-मंथन लगातार जारी है। इन तमाम राजनीतिक गतिविधियों के बीच झारखंड में सबसे दिलचस्प है छोटे-छोटे राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े दावे और अधिक से अधिक सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा।

### 55 सीटों पर उम्मीदवार उतारेंगे जयराम महतो

लोकसभा चुनाव में महज दो विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त लानेवाले झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के प्रमुख जयराम महतो ने आगामी विधानसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा के साथ कहा है कि वह 55 सीटों पर उम्मीदवार देंगे। इनमें सवर्ण उम्मीदवार भी होंगे और बुद्धिजीवी वर्ग के लोग भी। बता दें कि लोकसभा चुनाव में जयराम महतो खुद गिरिडीह सीट से प्रत्याशी थे और उन्हें 3.47 लाख से अधिक वोट मिले थे। इसके अलावा रांची में उनके प्रत्याशी देवेंद्र महतो को 1.32 लाख से अधिक और हजारीबाग में संजय मेहता को 1.57 लाख से अधिक वोट मिले थे। इन तीन सीटों पर कुल मिला कर सवा छह लाख वोट लाना जेबीकेएसएस के लिए बड़ी सफलता है, लेकिन यह इतनी भी बड़ी नहीं है कि इसे झारखंड की राजनीति में बड़ा मान लिया जाये।

बकौल जयराम, गोड्डा लोकसभा क्षेत्र पर पार्टी का ध्यान है। इस बार प्रत्याशी नहीं मिल पाने की वजह से लोकसभा चुनाव में कोई प्रत्याशी नहीं दिया गया, मगर विधानसभा चुनाव में जरूर संथाल क्षेत्र में प्रत्याशी उतारे जायेंगे।



### 30 सीटों पर ताल ठोंकेगा भारतीय जनतंत्र मोर्चा

इसी तरह झारखंड के चर्चित निर्दलीय विधायक सरयू राय द्वारा स्थापित भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य की 30 सीटों पर चुनाव लड़ने का विचार करने की बात कही है। सरयू राय इस पार्टी के संरक्षक हैं और धर्मेंद्र तिवारी अध्यक्ष। श्री तिवारी ने कहा है कि अगले एक-दो दिनों में इस पर अंतिम फैसला हो जायेगा। इस पार्टी के प्रमुख धर्मेंद्र तिवारी ने लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय सीट से किस्मत आजमायी थी और 3094 वोट ला सके थे।

### कहां से प्रत्याशी लायेंगे ये दल

अब जरा इन राजनीतिक दलों के दावों-फैसलों पर गौर करें। जयराम महतो ने 55 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा तो कर दी है, लेकिन यह नहीं बताया कि इतनी बड़ी संख्या में उनके पास उम्मीदवार कहां से आयेंगे। जयराम महतो एक तात्कालिक मुद्दा के साथ राजनीति के मैदान में उतरे हैं और ऐसे तात्कालिक मुद्दे बहुत दिनों तक नहीं रहते। फिर चुनावी राजनीति ऐसे तात्कालिक मुद्दों से नहीं चलती है। यदि एक बारगी यह मान भी लिया जाये कि जयराम महतो को उम्मीदवार तो मिल जायेंगे, लेकिन उन्हें चुनाव लड़ने लायक संसाधन कहां से मिलेगा और कौन देगा, इसका जवाब न तो जयराम महतो के पास है और न ही उनके संभावित उम्मीदवारों के पास।

लगभग यही हाल भारतीय जनतंत्र मोर्चा का भी है। जिस पार्टी का संगठन अब तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में खड़ा भी नहीं हो सका है, वहां उम्मीदवार उतारना राजनीतिक दृष्टिकोण से कितना उचित है, यह अच्छी तरह समझा जा सकता है। उम्मीदवार जुटाने से लेकर संसाधन एकत्र करने और चुनाव प्रबंधन की तमाम तकनीकी जरूरतों को पूरा करना आसान काम नहीं है और यह केवल दावों-फैसलों से पूरा नहीं होता, यह बात समझनी होगी।

### झारखंड में छोटे दलों का इतिहास

ऐसा नहीं है कि झारखंड में छोटे-छोटे राजनीतिक दलों का अस्तित्व नहीं है। झारखंड पार्टी से लेकर झारखंड विकास मोर्चा और झारखंड नवनिर्माण दल से लेकर झारखंड जनाधिकार पार्टी और सदान विकास मोर्चा से लेकर जन अधिकार पार्टी तक न जाने कितने दल अस्तित्व में आये और नेपथ्य में चले गये। झारखंड विकास मोर्चा की स्थापना बाबूलाल मरांडी ने की थी और 2009 के चुनाव में उसके 11 प्रत्याशी विधानसभा में पहुंचे थे। इसी तरह 2014 में भी उसके नौ प्रत्याशी जीते थे। लेकिन बाद में इस पार्टी का भाजपा में विलय हो गया। कभी झामुमो के सबसे बड़े नेताओं में शुमार सूरज मंडल ने झारखंड नवनिर्माण दल बनाया था, लेकिन वह आज नेपथ्य में है। झारखंड पार्टी सिमेडगा-खूंटी इलाके में दिखाई देती है, तो दूसरे छोटे-छोटे दल कहीं गायब से हो गये हैं। इसका कारण यह है कि झारखंड के लोग किसी नयी राजनीतिक ताकत को अपनाने में समय लेते हैं और इस गलाकाट राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा के माहौल में उतने दिन तक टिके रहना बेहद मुश्किल होता है। जहां तक आजसू पार्टी का सवाल है, तो उसने कई बरसों तक इसका इंतजार किया और तब जाकर राजनीतिक मैदान में अपनी जगह बनाने में कामयाब हो सकी।

इन तमाम परिस्थितियों में यह बात विचारणीय है कि आखिर इन छोटे दलों के दावों और हकीकत में कितनी दूरी है। ये छोटे-छोटे दल कैसे इतना बड़ा दावा कर रहे हैं, जबकि झारखंड में बड़े राजनीतिक दल भी इतनी सीटों पर उम्मीदवार उतारने में हिचकते हैं। तो इसका मतलब है कि ये दल भी चुनाव के दिनों में टिकट देने के लिए उम्मीदवारों की तलाश करने का अभियान चलायेंगे। यह भी संभव है कि उम्मीदवार उतारने की कोशिश में ये दल ऐसे लोगों को टिकट दे दें, जो बाद में इनके गले की फांस बन जायें। 2019 के चुनाव में आजसू ने ऐसी ही गलती की थी। भाजपा के साथ सीटों का तालमेल नहीं होने के बाद उसने जोश में आकर लगभग 55 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। इस घोषणा को अमली जामा पहनाने के लिए उसने कई दलों से चुके हुए नेताओं को पार्टी में शामिल कर लिया। कई बड़े नाम आजसू के टिकट पर चुनाव मैदान में उतर गये। प्रदीप बलमुचू से लेकर राधाकृष्ण किशोर तक चुनाव मैदान में कूद गये। पर रिजल्ट क्या हुआ। आजसू दो सीटों पर सिमट गयी। इसका मुख्य कारण यह था कि उसके पास उतनी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए न तो अपने उम्मीदवार थे और न ही संसाधन। जो थोड़े-बहुत संसाधन थे, दूसरे दलों से आये बड़े लोगों ने हथिया लिया। संसाधनों की कमी के कारण ही पार्टी माडू, बड़कागांव सहित कई श्योर सीटों पर चुनाव हार गयी। रामगढ़ जैसी प्रतिष्ठित सीट पर उसे हार का सामना करना पड़ा। दरअसल, पार्टी के जो तपे-तपाये उम्मीदवार थे, उनके लिए संसाधनों की कमी पड़ गयी। जब रिजल्ट आया, तो आजसू को अपनी गलती का एहसास हुआ। बाद में वे तमाम बड़े चेहरे आजसू छोड़ कर दूसरे दलों में जा मिले।

---

### एकलव्य विद्यालय सिलागाई मामले में हाइकोर्ट की सख्त टिप्पणी

# कानून का राज चलेगा या सरकार की सुविधा के मुताबिक होगा काम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट ने चान्हो के सिलागाईं में बननेवाले एकलव्य विद्यालय के चयनित स्थल को बदलने के विरोध में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि राज्य में कानून का राज चलेगा या सरकार की सुविधा के मुताबिक काम होगा। खंडपीठ ने मौखिक कहा कि सिलागाईं में शिलान्यास स्थल पर जो बाउंड्री वॉल बनायी गयी थी, उसका काम 65 प्रतिशत पूरा हो चुका था। अराजक तत्वों ने उसे तोड़ डाला था। इस बाउंड्री वॉल को तोड़े जाने पर आर्थिक नुकसान की भरपाई कौन करेगा। यह जनता का पैसा है, इसलिए इसकी नुकसान की भरपाई होनी चाहिए। बाउंड्री वॉल बनाने में किसका पैसा लगा। राज्य सरकार का या केंद्र सरकार का और यह कितना पैसा लगा है, इसका हिसाब होना चाहिए, ताकि उसे वसूला जा सके। कोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी सवाल किया कि जब बरहे में एकलव्य विद्यालय बन सकता है, तो फिर सिलागाईं में एकलव्य विद्यालय क्यों नहीं बन सकता था। तत्कालीन केंद्रीय मंत्री ने सिलागाईं में एकलव्य विद्यालय का शिलान्यास किया था और इसके लिए केंद्र सरकार ने राशि भी स्वीकृत की। राज्य सरकार ने इसके लिए जमीन दी थी। फिर सिर्फ अराजक तत्वों के कारण सरकार ने सिलगाई के एकलव्य विद्यालय का स्थान क्यों बदल दिया। कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार और राज्य सरकार से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता हेमंत गुप्ता ने खंडपीठ को बताया कि नौ दिसंबर 2022 को हाइकोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए शिलान्यास वाले स्थल पर एकलव्य विद्यालय बनाने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट भी गयी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की एसएलपी खारिज करते हुए हाइकोर्ट के आदेश में फेरबदल करने से इनकार कर दिया।

---

# अमन साहू के ठिकाने पर एनआइए की रेड

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुढ़मू।** झारखंड के कुख्यात अपराधी अमन साहू के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। एनआइए ने उसके कई ठिकानों पर छापेमारी की। एनआइए रांची ब्रांच के अफसरों ने छह घंटे तक अमन साहू के बुढ़मू स्थित पैतृक घर के साथ बुकरू और हजारीबाग के गिद्दी थाना क्षेत्र स्थित ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी खत्म होने के बाद एनआइए की टीम ने अमन के घर से फॉर्च्यूनर वाहन, सीसीटीवी का डीवीआर, बैंक खातों से संबंधित कागजात सहित कई अन्य दस्तावेज जब्त करके अपने साथ ले गयी। टेरर फंडिंग मामले में यह छापेमारी एनआइए के द्वारा की गयी।

### फॉर्च्यूनर, डीवीआर और दस्तावेज जब्त



बुधवार की सुबह 5 बजे एनआइए की कई टीमों ने एक साथ अमन के कई ठिकानों पर छापेमारी शुरू की थी। सभी लोगों के मोबाइल को अपने कब्जे में लेकर तलाशी शुरू की थी। अमन साहू वर्तमान में पलामू जेल में बंद है। उस पर कई गंभीर आरोप हैं। आरोप है कि वह जेल से ही अपने गैंग को ऑपरेट करता है। साथ ही व्यापारियों को धमकी देता और दिलवाता है।

### अमन के गुर्गे शंकर को किया था गिरफ्तार

लातेहार के बालूमाथ स्थित तेतरियाखाड़ कोलियरी में गोलीबारी मामले में टेरर फंडिंग के तहत जांच कर रही एनआइए ने 9 फरवरी 2024 को बिहार के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। यह छापेमारी भागलपुर, पूर्णिया और मधेपुरा के ठिकानों पर हुई थी। इस छापेमारी में कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू का गुर्गा शंकर यादव भागलपुर से गिरफ्तार किया गया था। उसके ठिकाने से एनआइए ने 1.30 करोड़ रुपये भी बरामद किये थे, जो अमन साहू की रंगदारी से वसूले गये रुपये बताये जा रहे हैं।

---

# 48 घंटे में तीन जिलों में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की साजिश

### पुलिस की तत्परता से विफल हो गयी साजिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पिछले 48 घंटे के दौरान तीन जिले में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की साजिश हुई। हालांकि पुलिस की तत्परता से माहौल बिगाड़ने की साजिश को नाकाम कर दिया गया। जिन जिलों में यह साजिश हुई, उसमें बोकारो, पलामू और पाकुड़ जिला शामिल है। इन जिलों में अलग-अलग कारणों से दो गुट आमने-सामने हो गये। साथ ही पत्थरबाजी और बमबाजी तक की घटनाएं हुईं।

18 जून 2024-पलामू जिला के पांकी प्रखंड के पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के नौडीहा बहेरा में गौशाला में प्रतिबंधित मांस का टुकड़ा मिला। वहीं दूसरी तरफ नौडीहा मस्जिद के निकट पुराने कुआं में प्रतिबंधित पशु की हड्डियों की दो बोरी भी मिली। इससे ग्रामीण आक्रोशित हो गये और गांव में तनाव की स्थिति बन गयी।

17 जून 2024- बोकारो जिला में हादसे में दो मवेशियों की मौत के बाद अलग-अलग पक्षों से जुड़े लोग आमने-सामने हो गये और फिर पथराव हुआ। इस झड़प और पथराव में एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए। वहीं इस पत्थरबाजी में कई पुलिस वाले भी चोटिल हुए। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। ये घटना सेक्टर वन से भरुआ बस्ती जाने के रास्ते में हुई।

17 जून 2024- पाकुड़ जिला के सदर प्रखंड के गोपीनाथपुर और पश्चिम बंगाल के कृष्टानगर के ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया। दोनों में विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट तक आ गयी। इसके बाद दोनों गुटों में पथराव के साथ-साथ बमबाजी भी हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार गोपीनाथपुर गांव में एक व्यक्ति द्वारा कुर्बानी दी गयी थी और जमीन मालिक द्वारा इसका विरोध किये जाने के कारण माहौल तनावपूर्ण हो गया। इस घटना के दूसरे दिन 18 जून को भी बमबाजी की घटना हुई।

### पर्व त्योहार भी अब हो रहे संवेदनशील

**झारखंड में छोटे-छोटे त्योहार भी संवेदनशील होते जा रहे हैं। इस बात का खुलासा झारखंड पुलिस की रिपोर्ट से हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के कुछ वर्षों में कम संवेदनशील त्योहारों सरस्वती पूजा, गणेश पूजा, मिलाद उन नबी में भी विधि व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई है। झारखंड के जो क्षेत्र पहले सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील नहीं थे, अब वहां भी पर्व-त्योहारों में अशांति का माहौल देखा जा रहा है। इसमें संथाल परगना के सभी जिले सहित कोडरमा जिला शामिल है।**

---

# सीएम और कल्पना सोरेन ने राहुल गांधी को दी जन्मदिन की बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर बुधवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने राहुल गांधी को बधाई दी। चंपाई ने एक्स पर लिखा कि युवा भारत की सशक्त आवाज, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

कल्पना सोरेन ने अपने पति और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के एक्स हैंडल पर लिखा कि साल के इस खास दिन पर राहुल गांधी को उनके जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। एक प्रगतिशील नेतृत्वकर्ता के रूप में वे हमेशा एकता, सहिष्णुता और विविधता में एकजुटता को बढ़ावा देने की राह पर चले हैं। उनकी सेवा भावना और जनता के प्रति समर्पण सराहनीय है। पूर्ण विश्वास है कि वे देश और समाज की प्रगति के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान सदैव देते रहेंगे। एक बार पुनः जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।






| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 37.5 °C | 28.0 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.37 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.03 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 20 जून, 2024
www.azadsipahi.in





### नशा मुक्त अभियान को मजबूती देने के लिए जागरूकता रथ को सीएम ने किया रवाना

# साझा प्रयास से झारखंड बनेगा नशा मुक्त : चंपाई

**नशा को बढ़ावा देने वालों को हर हाल में रोका जाये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि झारखंड को नशा मुक्त प्रदेश बनाना है और इसमें हर किसी को अपनी सहभागिता निभानी होगी। सभी के प्रयासों से ही मादक और नशीले पदार्थों पर रोकथाम संभव है। मुख्यमंत्री प्रोजेक्ट भवन में नशा मुक्त झारखंड बनाने के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना करने के क्रम में ये बातें कहीं। मौके पर अभियान के तहत नशा से दूर रहने की शपथ ली गयी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे पर नियंत्रण की दिशा में जागरूकता रथ को रवाना किया जाना, एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी। लोग यह समझ सकेंगे की नशे की वजह से उनका कितना नुकसान हो रहा है और इससे कैसे बचा जा सकता है।



**बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाना है :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि बेहतर समाज और बेहतर राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। शहर हो या गांव, हर किसी को नशे से दूर रहना होगा। जो नशा को बढ़ावा दे, उसे भी रोकने के लिए सभी को आगे आना होगा। हर किसी के सहयोग से इस अभियान में निश्चित तौर पर सफल होंगे।

**नशे से समाज में फैल रही कई विकृतियां :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कि नशे की वजह से समाज में तरह-तरह की विकृतियां फैलती हैं। इससे युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति बढ़ती है। परिवार में अलगाव होता है। स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ता है। बीमारियां उसे गिरफ्त में लेने लगती है। सबको मिल कर नशा के खिलाफ जागरूक करना होगा।

**6 जागरूकता रथ रवाना :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नशा मुक्त झारखंड बनने के लिए 6 जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें चार जागरूकता रथ रांची और एक-एक रामगढ़ और खूंटी जिले के लिए है। राज्य के सभी जिलों में 19 से 26 जून तक नशे के विरुद्ध जागरूकता रथ निकाला जा रहा है।

**इनकी रही मौजूदगी:** मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक जीगा सुसारण होरो, मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, प्रधान सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अजय कुमार सिंह समेत कई मौजूद थे।

## सीएम से मिले मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर

**रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से बुधवार को झारखंड मंत्रालय में मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त जीओसी 23 इंफेंट्री डिवीजन ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और लेफ्टिनेंट कर्नल अनुज शर्मा मौजूद थे।**



## कल्पना से मिलीं निशा शबनम



रांची (आजाद सिपाही)। कांके रोड स्थित आवास पर गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय डॉ अनिल मुर्मू की पत्नी निशा शबनम हांसदा ने मुलाकात की। इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया।

## कल्पना से मिले पार्टी के कार्यकर्ता



रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को कांके रोड स्थित आवास पर कल्पना सोरेन से विभिन्न जिलों से आये पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले कृपाशंकर सिंह



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कृपा शंकर सिंह ने बुधवार को दिल्ली में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर मोदी 3.0 कार्यकाल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।






## ढिबरा लदा वाहन जब्त, चालक और मजदूर फरार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा वन विभाग के टीम ने बुधवार की सुबह डोमचांच के समीप रेजर रविंद्र कुमार और ढाब पुलिस के नेतृत्व में ढिबरा लोड करते 407 वाहन जब्त किया गया। रेंजर को गुप्त सूचना के आधार पर ढाब जंगल मे 407 वाहन मे ढिबरा लोड करते समय छापेमारी की गयी। वन विभाग की गाड़ी को देखते हुए, गाडी छोडकर चालक और मजदूर भागने में सफल रहे। इसके बाद वन विभाग के टीम ने ढिबरा लदे 407 वाहन को जप्त करके ढाब थाना में रखा गया। गाड़ी में ढिबरा लगभग 3 टन लोड बताया जा रहा है जिसकी कीमत लगभग 1 लाख बताई जा रही है। वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। मौके पर ढाब थाना प्रभार प्रभारी राज कुमार दास, अभिमन्यु कुमार, राजेश कुमार, बंटी सिंह, पुलिस के जवान मौजूद थे।

## पत्थर लदे हाइवा के कारण सड़क हो रही खराब

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में ओवर लोड बोल्डर लदा हाइवा के परिचालन होने से ग्रामीण सड़कों का हालत खस्ता हो रहा है।इस सड़कों पर गुजरने वाले अधिकांश हाईवा में लदा बोल्डर बिना चालान के होते है। पुलिस और खनन विभाग के भय से ग्रामीण सड़कों पर हाइवा को चलाना वाहन मालिक सुरक्षित समझते हैं। इस तरह के मोटी कमाई के फेर में वाहन चालक मरकच्चो बरियारडीह मुख्य मार्गों पर नहीं चलकर थाना के नावाडीह से धोबियाडीह, देवीपुर करबला होते हुए नवलशाही चमारों क्रशर मंडी पहुंच कर बोल्डर व्यापार कर जहां भारी भरकम राजस्व की चोरी कर विभाग का नुकसान कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क पर ओवरलोड हाइवा का परिचालन से सड़कों का स्थिति जर्जर किया जा रहा है। उक्त मार्ग का निर्माण करीब एक वर्ष पूर्व किया गया। वाहन चालक निर्धारित मार्गों पर वाहन का परिचालन नहीं कर इन ग्रामीण सड़कों पर हाइवा का परिचालन बे खौफ होकर कर रहे हैं। बावजूद पुलिस व परिवहन विभाग इन वाहनों पर कार्रवाई नहीं कर रही है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष के निदेर्शानुसार बुधवार को कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर झुमरीतिलैया झंडा चौक पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशरफ अली के नेतृत्व में शरबत पानी फल वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित कांग्रेस के जिला सचिव गालिब मंसूरी द्वारा राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर शपथ ग्रहण भी कराया गया जिसमें युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सहित जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार दास, कांग्रेस मीडिया प्रभारी जमाल अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोडरमा युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित जिला सचिव गालिब, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार दास, युवा कांग्रेस मीडिया प्रभारी जमाल हुसैन, विनोद दास, तामीर खान, विनोद यादव, सुनील, मोहक कुमार, अनिल सिंह, प्रकाश दास, सोवित, आलीशान खान, इमरान, अनिल दास, कासिम अंसारी आदि मौजूद थे।

## डीसी ने मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए जागरूकता रथ रवाना किया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आज समाहरणालय सभागार से उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु जागरूकता रथ को रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों में भ्रमण कर लोगो को मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूक करेगी। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील किया कि मादक व नशीली पदार्थों के सेवन से बचें। मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान में जिला प्रशासन के अलावा सभी जिले वासियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। खासकर बच्चों के माता-पिता एवं शिक्षक इसकी महत्वपूर्ण भूमिका में रहते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी पेरेंट्स अपने-अपने बच्चों पर अवश्य नजर रखें कि वह किसी भी गलत संगत में ना पड़े। जो भी बच्चे नशे की आदि हैं उन्हें इन सभी चीजों से बाहर निकलना भी हमारी प्राथमिकता है एवं जो भी बच्चे इसके चपेट में भी नहीं आए हैं उन्हें भी इनसे बचा कर रखना हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

## पुलिस ने बालू लदे तीन अवैध ट्रैक्टर किया जब्त

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र में अवैध बालू कारोबार का धंधा जोरों पर है। झारखंड में एनजीटी लगते ही बालू माफियाओं में हड़कंप मची हुई है। वही बीते देर रात बड़कागांव पुलिस ने लिखलाही घाटी से तीन अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। इस संबंध थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि अग्रेतर करवाई करने के लिए अग्रसारित की गई है। इस संबंध में आगे कहा कि एनजीटी लगने के बाद पूर्ण रूपेण बालू का उत्खनन व ढुलाई का कार्य बंद कर दिया गया है। अगर कोई ट्रैक्टर व हाईवा मालिकों के द्वारा बालू की अवैध ढूलाई की जाएगी तो कार्रवाई निश्चित रूप से होगी। पकड़े गए ट्रैक्टर में महिंद्रा ट्रैक्टर, पावर ट्रैक्ट, जॉन डियर टैक्टर शामिल है।

## हाथियों के झुंड ने बड़कागांव में मचाया उत्पात



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बलोदर गांव में बीते रात हाथियों ने जमकर उत्पाद मचाई। बीते देर रात अचानक हाथियों ने बलोदर गांव में दस्तक दे दिया और मंजू देवी पति रविंद्र महतो के घर को पूरी तरह से तोड़कर नष्ट कर दिया। इस संबंध में मंजू देवी ने बताया कि अचानक बीते देर रात हाथियों के झुंड ने हमारे घर पर दस्तक देकर तोड़फोड़ शुरू कर दिया और घर में रखें 50 केजी चावल, 1 क्विंटल गेहूं और 70 केजी आलू चट कर गये। आगे उन्होंने कहा कि इस उत्पाद के बाद अब हम लोगों के पास इस भीषण गर्मी में ना रहने के लिए घर बचा है और ना ही खाने के लिए अनाज अब हम परिवार वालों का गुजारा कैसे होगा यह भगवान ही जाने।आगे पीड़ित परिवार ने प्रशासन और सरकार से मांग किया है कि हमें जल्द से जल्द रहने और खाने-पीने का अनाज उपलब्ध कराया जाए ताकि हम लोग अपना गुर्जर बसर कर सके। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार काफी सदमे में है और उनको हाथियों का डर सता रहा है।

## बाबा पथ के एक घर में देह व्यापार का चल रहा था धंधा, पुलिस ने मारा छापा

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र अन्तर्गत बाबा पथ के एक घर में देह व्यापार के धंधा में शामिल दो महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बाबा पथ के एक घर में देह व्यापार चलने की जानकारी हजारीबाग पुलिस के वरीय पदाधिकारी को मिली, जिसकी सूचना पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सदर कुमार शिवाशीष के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल बाबा पथ में उक्त घर के पास पहुँचा तो घर से दो व्यक्ति निकल रहा था, दोनों व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखते ही भागने लगे। पुलिस बल के द्वारा पकड़ने का भरपूर प्रयास किया गया परन्तु गली मुहल्ला का फेयदा उठाकर दोनों व्यक्ति भागने में कामयब हो गये। घर का घेराबन्दी कर विधिवत तलाशी लिया गया जिसमें दो लड़की, दो महिला को बरामद किया। पूछताछ करने पता चला दो लकड़ी बहला फुसलाकर नौकरी दिलाने के नाम पर जबरजस्ती देह व्यापार करवाया जा रहा है। पूछताछ के उपरांत घर का तलाशी लिया, तलाशी के दौरान कई सामानों को जप्त किया गया। छापामारी दल में सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष, महिला थाना प्रभारी विंध्यवासनी सिन्हा, थाना प्रभारी, बड़ा बाजार प्रभारी, बिट्ठु रजक समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी इचाक में जलायी गयीं दो चिताएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले के इचाक थाना क्षेत्र में एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है, जिसे सुनते ही हर कोई सोचने पर मजबूर हो रहा की ऐसे कैसे हो सकता है। इचाक थाना क्षेत्र के परासी करोंजा टोला समीप श्मशान घाट में चोरी छिपे दो अज्ञात शव जलाने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फेल गई है। घटना 14 - 15 जून की रात की बताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीण जब सुबह टहलने के लिए शमशान घाट की ओर गए तो देखा की दो शव को रात्रि में जलाया गया है। जब गांव और आस पास पता किया गया की किसकी मृत्यु



हुई है तो पत्ता चला की गांव के किसी की मृत्यु नही हुई, जबकि दो शव की अंत्योष्ठी का प्रमाण शमशान घाट में मिल रहा है। जिससे ग्रामीणों के बीच जितनी मुंह उतनी बाते हो रही है। स्थानीय लोगो का कहना है की जब गांव में किसी व्यक्ति की मौत ही नही हुई तो किसके शव का अंतिम संस्कार किया गया यह जांच का विषय है।

### मौके पर खून से सने चाकू हाथ का कड़ा और चूड़ी बरामद

दो अज्ञात शवों का जलने का मामला जैसे ही तूल पड़कर चौक चौराहा में चर्चा का विषय बना, वैसे ही स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को उक्त घटना की जानकारी दी गयी । सूचना पाकर बुधवार की सुबह इचाक थाना प्रभारी संतोष कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां पुलिस ने अंत्येष्टि के जगह से खून से सना एक चाकू, युवक को पहनने वाला कड़ा और युवती की चूड़ी बरामद की है। इसके बाद पुलिस सकते में आ गयी और मामला से जुड़े हर तथ्यों को ध्यान में रखकर जांच में जुट गयी है। बरामद सामानों से अंदेशा लगाया जा रहा है की जलाए गए शवों में एक युवक तथा एक युवती है। हालांकि पूरे मामले का पर्दा फांस अब तक नहीं हो पाया है, की रात के अंधेरे में जलने वाला शव किसका है और किसने ऐसी घटना को अंजाम दिया। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया की मामले की जानकारी मिली है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# सीएम से मिले भू रैयत

### रैयती जमीन पर ट्रांसपोर्टिंग सड़क बनाने को लेकर होगी बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी ।** एनटीपीसी चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के द्वारा केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के जोरदाग में बगैर मुआवजा प्रदान किए रैयती जमीन पर ट्रांसपोर्टिंग हेतु सड़क बनाये जाने की सुचना को लेकर विधायक अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की एवं कंपनी प्रबंधन के खिलाफ शिकायत की इस दौरान ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल भी साथ में मौजूद रहा। विधायक ने बताया कि कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिए जोरदाग में रैयती जमीन पर बाजबरण सड़क बना दिया गया उसके एवज में ना तो मुआवजा दिया गया और ना ही रोजगार उपलब्ध कराया गयो मुख्यमंत्री ने उपायुक्त हजारीबाग को मामले पर संज्ञान लेते हुए शीघ्र कार्रवाई करने को कहा जिसके आलोक में



गुरुवार को संध्या एक महत्वपूर्ण बैठक उपायुक्त की अध्यक्षता में होगा। विधायक ने बताया कि पूरा बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कम्पनी अपने पांव पसार रही है व कम्पनी के द्वारा लगातार लोगों के हक अधिकार का हनन किया जा रहा है। अंबा प्रसाद ने कहा कि उनका पूरा परिवार विस्थापितों के हित की लड़ाई लड़ते आई है,ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से इस मामले को लेकर मदद मांगी थी जिसके बाद विधायक ने सभी लोगों को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री से मुलाकात कराई। वहीँ इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर एनटीपीसी के एक अधिकारी ने कहा की स्थानीय भू रैयतों को मुवाबजा देकर ही सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है व स्थानीय ग्रामीण भी कम्पनी से सहयोग की भावना रखते हैं इस दौरान मुख्य रूप से कमलेश मुंडा,बसंत साव,नकुल साव,प्रीतम साव, दिलीप साव,बिरजू महतो, राजकुमार मुंडा, गुरु चरण मुंडा, अजय मुंडा, आरती देवी, प्रमिला देवी, निराशो देवी मौजूद थे।

## एनटीपीसी ने महाजुटान को लेकर सीओ को लिखा पत्र

**केरेडारी(आजाद सिपाही) ।** एनटीपीसी की ओर से केरेडारी सीओ के नाम एक लिखित आवेदन देकर केरेडारी प्रखंड के बसरिया में होने वाले महाजूटान के सम्बन्ध में उचित कार्रवाई की मांग की गयी है। एनटीपीसी के अपर महाप्रबंधक एस पी गुप्ता ने आवेदन के माध्यम से कहा है कि गुरुवार को बाजार टांड बसरिया में महाजुटान का कार्यक्रम है जबकि जिस भूमि पर महाजुटान कार्यक्रम होने वाला है उसका खाता संख्या 39 व प्लॉट संख्या 6 कुल रकबा 0.34 एकड़ भूमि जो एनटीपीसी के द्वारा पूर्व में ही अधिग्रहित की गई है इस आवेदन की छायाप्रति अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागां व केरेडारी थाना प्रभारी को भी भेजी गयी है।

## पीसीसी सड़क निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के नापो खुर्द में गवाट से मंदिर स्टेज तक विधायक मत से ईट सोलिंग पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य हो रहा है जिसकी लंबाई 157 फीट और चौड़ाई 10 फिट है। जिसका प्रकालन राशि 200000 है। इस सड़क निर्माण कार्य में घोर अनियमित बरतने का आरोप लगाते हुए स्थानीय ग्रामीण पिंकी देवी ने कहा कि घटिया ईट और घटिया मसाले का प्रयोग कर इस सड़क का निर्माण किया जा रहा है जो एक साल भी नहीं टिकेगा और टूट जायेगा। इस संबंध में उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि हमने इसकी शिकायत मौखिक और व्हाट्सएप में लिखित रूप से बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी बड़कागांव थाना , उपायुक्त हजारीबाग को किया है। बावजूद इसके ठेकेदारों के द्वारा धड़ल्ले से काम किया जा रहा है आगे उन्होंने बताया कि जब मैं इस कार्य का विरोध करने जाती हूं तो उपस्थित संवेदक द्वारा मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जो करना है वह तुम करो हम लोग ऐसे ही काम करते रहेंगे हम लोगों का कुछ नहीं बिगड़ने वाला है यह बात बोलकर हमें दबा दिया जाता है। आगे उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि हमारे गांव का सड़क अच्छी प्रकार से बने ताकि सरकार का पैसा व्यर्थ न जाये। इस संबंध में संवेदक अनिल साव से दूरभाष से बात किए जाने पर उन्होंने कहा कि हम एस्टीमिट के साथ काम कर रहे हैं उपरोक्त महिला आपसी लड़ाई झगड़ा के कारण आरोप लगा रही है। जोकि बेबुनियाद है।

# केएन प्लस टू स्कूल के मैदान में सुब्रतो कप फुटबॉल मैच संपन्न

**अंडर 17 में बालिका वर्ग में कस्तूरबा और बालक वर्ग में केएन प्लस टू ने जमाया कब्जा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** प्रखण्ड संसाधन केंद्र इचाक के द्वारा 63वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल मैच प्रतियोगिता का आयोजन केएन प्लस टू हाई स्कूल मैदान में बुधवार को किया गया। उद्घाटन बीडीओ संतोष कुमार एवं बीपीओ डॉ वंदना श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित एवं किक मार कर किया गया। जबकि समापन एवं पुरस्कार वितरण उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार ने किया। अतिथियों ने कहा कि फुटबॉल ही नही बच्चों को सभी तरह का खेल खेलने की जरूरत है। खेल खेलने से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक का विकास में गति मिलती है। इचाक पूर्व से खेल और शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल रहा है। आशा है कि इचाक की जो टीम जीतकर जिला स्तर में खेलने जा रही है जिला में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उद्घाटन मैच कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की अंडर 17 छात्राओं के बीच खेला गया। फुटबॉल मैच में 8 टीम भाग लिए जिसमे केएन प्लस टू हाई स्कूल इचाक की 3 टीम, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय एक टीम, प्लस टू उच्च विद्यालय देवकुली से तीन टीम के लड़को एवं लड़कियों की टीम हुए। अंडर 17 के फाइनल मैच बालक वर्ग में केएन प्लस टू एवं प्लस टू विद्यालय देवकुली के बीच खेला गया, जिसमें केएन प्लस टू उच्च विद्यालय के खिलाड़ि 1-0 से विजयी हुए। वहीं बालिका वर्ग के खिलाड़ी कस्तूरबा गांधी एवं केएन प्लस टू उच्च विद्यालय के बीच खेला गया जिसमें दोनो टीम के बीच ड्रा हो गया। इसके बाद पेनाल्टी सूट के लिए दोनो टीमो को अवसर दिया गया पेनाल्टी सूट में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका की छात्राएं 1-0 विजय हुई। वहीं अंडर 15 में प्लस टू स्कूल देवकुली और केएन प्लस टू इचाक के बीच फुटबॉल मैच खेला गया। जिसमे दोनो टीमें बराबर रही। इसके बाद पेनाल्टी सूट दिया गया। पहली पेनाल्टी सूट में दोनो टीम बराबर रही, पुनः दूसरी बार पेनाल्टी सूट का अवसर दिया गया जिसमें उच्च विद्यालय देवकुली के खिलाड़ियों ने केएन प्लस टू पर 1-0 से विजयी पाकर सफलता पाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में गेम शिक्षक किरण कुमारी, अभिनव कुमार गुप्ता, सुधीर मेहता, रेखा कुमारी के अलावा, बीआरपी नर्सिंग महतो, सीआरपी संतोष कुमार, हृदयांशु कुमार, रामशरण शर्मा, सहायक शिक्षक महेश कुमार मेहता, कुलदीप कुमार, सीआरपी रविंद्र कुमार, अजय प्रसाद मेहता, राजेश यादव, रिसोर्स शिक्षक थॉमस पासवान, म्यूजिक शिक्षक आनंद कुमार, रवि कुमार, दीपक कुमार, सुरेंद्र राणा, बसीर अहमद समेत अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# टेंपो पलटने से एक व्यक्ति की मौत, तीन घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** बीती रात जिले के नवलशाही थाना अंतर्गत पंचगामा मोड के समीप टेंपो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से टेंपो सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी, वहीं तीन लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान प्रकाश मेहता (उम्र 50 वर्ष, पिता कार्तिक मेहता ग्राम फुलवरिया) के रूप में हुई। वहीं घायलों की पहचान कमलेश साव (उम्र 60 वर्ष ग्राम फुलवरिया), बहादुर राम (उम्र 58 वर्ष पिता बनवारी ग्राम पुरनाडीह), कैलाश यादव (उम्र 40 वर्ष पिता लालू



यादव ग्राम पुरनाडीह) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार टेंपो में चार लोग सवार होकर महेशपुर से पुरनाडीह जा रहे थे। पचगामा मोड के समीप टेम्पो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उक्त घटना हुई। आनन फानन में ग्रामीणों की मदद व 108 के सहयोग से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां प्रकाश मेहता को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। वहीं तीन घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

### ऑटो के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के ढाब थाना क्षेत्र में बुधवार को ऑटो के अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोग घायल हो गये। घायलों में तीन सवारी और एक ऑटो चालक शामिल है। दुर्घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। घायलों की पहचान भादोडीह निवासी अमन कुमार उम्र 15 वर्ष पिता राजेंद्र भुइयां, बादल कुमार उम्र 15 वर्ष पिता सुनील भुइयां, सुनील भुइयां उम्र 32 वर्ष पिता सुखाड़ी भुइयां एवं ऑटो चालक भादोडीह निवासी अमरेश कुमार, उम्र 35 वर्ष पिता राजेंद्र भुईयां शामिल है। घायलों ने बताया कि ऑटो पर सवार होकर सभी लोग तिलैया से सतगावां जा रहे थे। इसी दौरान ढाब थाना के समीप उनकी ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

## कैबिनेट के अन्य फैसले

- उच्च शिक्षा विभाग में सेंट्रल डिजिटल सिस्टम को विकसित किया जायेगा और विभिन्न कार्यों के लिए पोर्टल तैयार होगा और इसके लिए एजेंसी का चयन किया गया और कार्य के लिए 20 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया।
- झारखंड मोटरवाहन करारोपण अधिनियम, 2001 की धारा-15 की उपधारा (1) के आलोक में टैक्स डिफॉल्टर वाहनों के वन टाइम सेटलमेंट हेतु अर्थदंड माफी की स्वीकृति दी गयी।
- सुशील कुमार बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य में माननीय झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक-24.07.2019 को पारित न्यायादेश के आलोक में सुशील कुमार को प्रभारी कार्यपालक अभियंता बनाये जाने की तिथि से कार्यपालक अभियंता के पद पर वैचारिक प्रोन्नति प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी।
- योजना एवं विकास विभाग, झारखंड, रांची अंतर्गत झारखंड सांख्यिकी संवर्ग नियमावली 2011 (यथा संशोधित 2022) में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।
- योजना एवं विकास विभाग, झारखंड, रांची में दैनिक पारिश्रमिक / एकमुश्त पारिश्रमिक पर नियुक्त कर्मी की सेवा नियमितिकरण की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड योजना सेवा विभागीय परीक्षा एवं प्रशिक्षण नियमावली-2023 की स्वीकृति दी गयी।
- भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च 2021 को समाप्त हुए वर्ष का अनुपालन लेखा परीक्षा (राजस्व) प्रतिवेदन को झारखंड विधान सभा के पटल पर आगामी सत्र में उपस्थापन की स्वीकृति दी गयी।
- भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वर्ष का अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को झारखंड विधान सभा के पटल पर आगामी सत्र में उपस्थापन की स्वीकृति दी गयी।
- भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का 31 मार्च 2023 को समाप्त हुए वर्ष की राज्य वित्त लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को झारखंड विधान सभा के पटल पर आगामी सत्र में उपस्थापन की स्वीकृति दी गयी।
- वित्त विभाग अंतर्गत नवगठित तीन निदेशालयों, पेंशन एवं लेखा निदेशालय, कोषागार एवं सांस्थिक वित्त निदेशालय तथा अंकेक्षण निदेशालय के निदेशक को विभागाध्यक्ष घोषित करने की स्वीकृति दी गयी।
- माननीय झारखंड उच्च न्यायालय अंतर्गत दायर वाद जन्मेजय प्रसाद सिंह बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के विरुद्ध दायर वाद में पारित न्यायादेश दिनांक-11.10.2023 तथा चंद्रशेखर प्रसाद सिन्हा बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के विरुद्ध दायर वाद में पारित न्यायादेश दिनांक-24.11.2023 के अनुपालन हेतु संबंधित वादीगण क्रमशः जन्मेजय प्रसाद सिंह, लिपिक (सेवानिवृत) एवं चंद्रशेखर प्रसाद सिन्हा, लिपिक (सेवानिवृत) की सेवा नियमित करते हुए उन्हें अनुमान्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गयी।
- स्व जगरनाथ महतो, तत्कालीन मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड सरकार के फेफड़ा प्रत्यारोपण के उपरांत एमजीएम अस्पताल चेन्नई में करायी गयी अनुगामी चिकित्सा में वास्तविक व्यय राशि (45 लाख 29 हजार 312 रुपये) की प्रतिपूर्ति/भुगतान की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना के संचालन हेतु झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के अंतर्गत पद सृजन की स्वीकृति दी गयी।
- डॉ बेला कुमारी, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रामपुर, लोहरदगा को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गयी।
- डॉ बाबू लाल मुर्मू, चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, तुबिद, अड़की, खूँटी को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति दी गयी।
- राज्य के विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों (घाटानुदानित अल्पसंख्यक महाविद्यालय सहित) विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों (घाटानुदानित अल्पसंख्यक महाविद्यालय सहित) के शिक्षकेतर कर्मियों की नियुक्ति, प्रोन्नति आदि से संबंधित परिनियम की स्वीकृति दी गयी।
- रांची नगर निगम अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के लिए स्वीकृत निविदा का निस्तार करने के लिए 10 फीसदी की अधिसीमा को शिथिल करने की स्वीकृति दी गयी।
- लोकसभा चुनाव, 2024 के सुचारु रूप से संचालन एवं इस दौरान विधि-व्यवस्था के संधारण हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थापना व्यय बजट मुख्यशीर्ष 2055-पुलिस के अंतर्गत विभिन्न लघुशीर्ष/उपशीर्ष/ इकाई में झारखंड आकस्मिकता निधि से 125 करोड़ 76 लाख 87 हजार रुपये अग्रिम के रूप में स्वीकृत करने के प्रस्ताव की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।
- लोकसभा चुनाव, 2024 के सुचारु रूप से संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थापना व्यय बजट मुख्य शीर्ष 2070-अन्य प्रशासनिक सेवाएं के अंतर्गत झारखंड आकस्मिकता निधि से 38 करोड़ पांच लाख 69 हजार तीन सौ रुपये मात्र अग्रिम के रूप में स्वीकृत करने के प्रस्ताव की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।
- वायुयान से यात्रा से संबंधित वित्त विभागीय संकल्प सं0 2530/वि दिनांक 25.08.2023 में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।
- राज्य के विश्वविद्यालयों के मुख्यालय में कुलपति, प्रतिकुलपति एवं अन्य पदाधिकारियों का सातवां पुनरीक्षित वेतनमान का लाभ दिनांक-01.01.16 से लागू करने से संदर्भित संकल्प सं0 319 दिनांक 07.02.2019 में युक्त करने की स्वीकृति दी गयी।
- कोल्हान विश्वविद्यालय, चाइबासा अंतर्गत सरायकेला-खरसावां जिले के राजनगर में डिग्री महाविद्यालय के निर्माण कार्य हेतु 39 करोड़ 15 लाख 61 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।
- कोल्हान विश्वविद्यालय, चाइबासा अंतर्गत सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया में डिग्री महाविद्यालय के निर्माण कार्य हेतु 39 करोड़ 15 लाख 61 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड लोक सेवा आयोग में नियमित पद के विरूद्ध संविदा पर कार्यरत कर्मियों की सेवा नियमितीकरण करने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड जनजातीय भाषा एवं साहित्य अकादमी की स्थापना की स्वीकृति दी गयी।

# कंपनी मजदूरों के साथ अन्याय करेगी तो जन आंदोलन करूंगा : धीरज साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा छोटानागपुर बॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन के हिंडालको टोरी साइडिंग में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लातेहार जिला छोटानागपुर बॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद यादव ने किया। वहीं मंच का संचालन महेंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में छोटानागपुर बॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन के प्रधान महासचिव सह पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। वहीं यूनियन के नेता अशोक प्रसाद यादव और तनवीर गौहर को भी पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि हिंडालको कंपनी माइंस डिवीजन से लेकर सभी साइडिंगो में मजदूर विहीन करना चाहती है साथ ही साथ ट्रक ओनर को भी खत्म करना चाहती है। आज के समय में हिंडालको कंपनी लोहरदगा से टोरी हाईवा से बॉक्साइट गिराना चाहती है और ट्रक अनलोडर और डब्बा लोडर की व्यवस्था को खत्म करना चाहती है। जबकि भारत सरकार का नियम है कि कोई भी कंपनी कोई भी क्षेत्र में कार्य करती है तो 70% स्थानीय लोगों को रोजगार देने का काम करना है। परंतु हिंडालको कंपनी में कार्य कर रहे सभी मजदूरों को ट्रक ओनरों को बेरोजगार करना चाहती है जो हम नहीं होने देंगे। इसके लिए जन आंदोलन करना पड़े तो इसके लिए भी मैं तैयार हूं आने वाले दिन में हिंडालको कंपनी मजदूर हित को देखते हुए अगर कार्य नहीं करती है, तो हमारे यूनियन के बैनर तले लातेहार लोहरदगा और गुमला तीनों जिला में सड़क पर उतरने का काम करेंगे। इससे भी अगर नहीं सुधरता है, तो पूरे राज्य भर में आंदोलन सड़क पर उतरकर कंपनी के खिलाफ करेंगे। श्री साहू ने कहा कि सभी मजदूर भाई ट्रक ओनर भाई आप मजबूती के साथ एकजुट रहे। आज हमें पता चला कि हराम एक वर्कर को पोल से गिर जाने से काफी चोट आयी है। जो पूरी तरह निंदनीय है। ऐसी घटना देख कर लड़ाई पूरी जोर से और ताकत से लड़नी है। साथ ही साथ आने वाले 22 तारीख को लोहरदगा के हिंडालको कार्यालय का घेराव किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में लातेहार छोटा नागपुर बॉक्साइट और कोल वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि आज कंपनी स्थिति में लाकर खड़ा की है, जिससे साफ पता चलता है कि हम लोगों को कंपनी दबाना चाहती है और हमारे हक और अधिकार को छीनना चाहती है, यह हम कभी होने नहीं देंगे। मजदूर नेता रवि कुमार डे ने कहा कि मजदूर एकता जब तक नहीं रहेगी, किसी भी कंपनी के खिलाफ अपने हक अधिकार के लिए नहीं लड़ पायेंगे। इसलिए सबसे पहले हम लोग एकजुट होकर अपनी बातों को अपने नेताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें और अपने अधिकारों की मांग को पूरा कराने का कार्य करें। इस अवसर पर मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि हिंडालको कंपनी लातेहार गुमला और लोहरदगा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 63 सालों से कार्य कर रही है परंतु आज तक देखा जाये कि किसी भी प्रकार का कोई भी विकास का कार्य नहीं किया है। साथ ही साथ किसी भी जिला में मेडिकल कॉलेज डिग्री कॉलेज इंजीनियरिंग कॉलेज की व्यवस्था नहीं की है, जिससे यहां के मजदूर भाइयों के बाल बच्चे और युवाओं के लिए अन्य राज्यों में जाना मजबूरी हो गया है। इस अवसर पर लखन प्रसाद जायसवाल, शैलेश सिंह, प्रमोद गिरी, राजनाथ उरांव, दिग्विजय सिंह, नागेंद्र सिंह, बसंत दुबे, मोहन, महावीर सिंह, परमेश्वर संजय राम समेत बड़ी संख्या में यूनियन के मजदूर जुटे हुए थे।

# ग्रीन लोहरदगा की कामयाबी के लिए इमरजेंसी केयर को शुभकामनाएंः मंत्री

**जितना ज्यादा पेड़ होगा यहां का मौसम उतना अच्छा होगा : धीरज साहू**

**डीडीसी शेखावत ने इमरजेंसी केयर के काम की सराहना की और बताया कि पेड़ से जलस्तर सही रहता है।**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** रक्तदान और स्वास्थ्य सेवाओं की अग्रणी संस्था इमरजेंसी केयर अब प्रकृति संरक्षण और लोहरदगा को हरा भरा रखने की दिशा में अपना योगदान देगी। उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीन लोहरदगा कैंपेन के तहत विभिन्न क्षेत्रों में 1000 वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया। जिसकी शुरूआत मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अशोक यादव, निशीथ जायसवाल के द्वारा एक एक पौधा बीएस कॉलेज परिसर में लगा कर किया गया। रामेश्वर उरांव ने इमरजेंसी केयर के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान में पेड़ लगाना और बचाना हमसब का दायित्व है, इस मुहिम में ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ें, लगातार जंगल का कटना भी एक गंभीर मुद्दा है। धीरज प्रसाद साहू ने पौधा लगाया, उसको सींचा और कहा कि लोहरदगा जितना खूबसूरत शहर आस पास देखने को नहीं मिलेगा।

डीडीसी शेखावत ने इमरजेंसी केयर के काम की सराहना की और बताया कि पेड़ से जलस्तर सही रहता है और वायुमंडल में प्रदूषण की मात्रा कम होती है। अशोक यादव, निशीथ जायसवाल ने भी एक एक पौधा लगाया और इस नेक काम में आगे भी अपना सहयोग देने की बात की। इमरजेंसी केयर सचिव देशराज गोयल ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम अमित कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। इमरजेंसी केयर के निखिल बर्मन, नंदलाल तिवारी, रंजीत साहू, अरविंद, आशीष, अमित, किशोर, जयजित चौबे, अजय, धैर्य, भावेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जलमीनार खराब, ग्रामीण पानी के लिए परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत लातेहार जिले के सभी पंचायत के गांव टोला में जल मीनार और बोरिंग का निर्माण कराया गया, ताकि लोगों को पानी की समस्या उत्पन्न ना हो, लेकिन धरातल पर देखा जाये तो अधिक से ज्यादा जलमीनार खराब मिलेंगे। जिसका नतीजा है कि अधिक ज्यादा गांव के ग्रामीणों को पानी के लिए दर-बदर भटकना पड़ रहा है। एक ऐसा ही मामला लातेहार सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के समीप कोड़ास ग्राम का है जहां पिछले तीन साल से जलमीनार खराब पड़ा है। वहीं जुलाब खान, इदुल खान, अहमद खान, सकीला विबी, नेहुर खान, बानो खातून समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 4 वर्ष पहले मुखिया फंड से जल मीनार का निर्माण कार्य कराया गया था जो की एक वर्ष में ही मोटर खराब हो गया है। जिसका नतीजा है कि आज हमारे मां बेटी बहनों को पानी के लिए घर-घर जाकर लाना पड़ रहा है। कुछ ऐसे भी लोग है जो हम लोगों को पानी भी लाने नहीं देते हैं। इस प्रचंड गर्मी में हम लोगों सोचना पड़ता है कि पानी कहां से लाय। जबकि इस समस्या को लेकर मुखिया को कई बार बोला लेकिन मुखिया ने एक नहीं सुनी। टाल मटोल कर करते रहे। आगे उन्होंने जिले के उपायुक्त से जलमीनार ठीक कराने की गुहार लगायी है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

**पेयजल और स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो से इस संबंध में पूछे जाने पर बताया कि यह मामला अभी मेरे संज्ञान में आया है जल्द से जल्द जल मीनार को ठीक करा दिया जायेगा।**

# उन्नति का पहिया योजना के तहत 249 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर के समीप कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति के पहिया के तहत प्रखण्ड के विभिन्न स्कूलों में सत्र 2023-24 के अनुसुचित जाति, पिछडी जाति और अल्पसंख्यक जाति के सभी विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण किया गया। इसे लेकर प्रखंड कार्यालय के समीप वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जहां इस दौरान 249 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरित किया गया। वहीं अन्य छात्र-छात्राओं को भी विद्यालय परिसर में ही साइकिल वितरित किया जायेगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि पिछले तीन सालों तक छात्रों के खाते में ही डीबीटी के माध्यम से पैसे भेजे जा रहे थे। इस वित्तिय वर्ष छात्रों को साइकिल दी जा रही है। सरकार की यह योजना लाभप्रद है। दूर दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को समय पर विद्यालय आने में आसानी होगी। वहीं मौके पर अंचल अधिकारी मनोज कुमार, यूथ कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, जीप सदस्य संतोषी शेखर, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कु सिंह उर्फ पिंटू समेत सभी विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस कार्यकारी जिला अध्यक्ष गुलाम जीलानी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय के समक्ष पौधारोपण किया गया और रक्तदान शिविर लगाकर 12 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान में शाश्वत सिद्धार्थ भगत, सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर अमस अंसारी, नकीब अंसारी, जिला सचिव सुहैल अख्तर, जिला महासचिव इमरोज अंसारी, प्रत्यूष पांडे, दीपेश उरांव, वकील खान, विनोद भगत, जाहिद अंसारी, मोबिन अंसारी, सादाब रजा, आसिफ खान फागु उराव असीस लकड़ा मुराद अंसारी, मनिया कुरैशी, लछु उराव, इमरान अंसारी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## पेशरार के सहेदापाट में आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शुभारंभ



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला के डीएमएफटी मद से पेशरार प्रखण्ड के सहेदापाट में तैयार आंगनबाड़ी केंद्र भवन का शुभारंभ बुधवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा किया गया। शुभारंभ के उपरांत पदाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र के लाभार्थियों को मादक पदार्थों के इस्तेमाल के विरूद्ध चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के बारे जानकारी दी गयी। बताया गया कि यह जागरूकता अभियान 19 से 26 जून तक चलाया जायेगा। डीएसडब्ल्यूओ द्वारा विभाग की योजनाओं यथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सावित्रीबाई फुले योजना, शून्य से पांच वर्ष के बच्चों की वृद्धि निगरानी, आधार सत्यापन आदि की जानकारी दी गयी। इस मौके बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कर्मी उपस्थित थे।

## बजट के अभाव में ठप पड़े पंचायतों के विकास कार्य

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। 15वें वित्त की धनराशि ग्राम पंचायतों को आवंटित न होने से गांवों में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। कुछ ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो का भुगतान भी अटका पड़ा हुआ है। इससे पंचायतों के लोग में लातेहार पंचायती राज के प्रति काफी नाराजगी देखा जा रहा है। बता दें कि पिछले वर्ष नवंबर माह में ग्राम पंचायतों को पंचायती राज से 15 वें वित्त की धनराशि आवंटित कर दी गयी थी। सूत्रों के अनुसार यह राशि बकायदा जिल में पहुंच चुकी है, लेकिन तीन सह समय धनराशि जिले से अभी तक पंचायतों को अवमुक्त नहीं की गयी है, जिससे गांवों में होने वाले विभिन्न विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं। इतना ही नहीं कुछ मुखिया ने बजट आवंटन की सूचना के बाद गांवों के प्राथमिकता वाले कामों को किसी तरह व्यवस्था बनाकर पूरा भी करवा दिया। अब वह भुगतान के लिए जिले का मुंह ताक रहे हैं। कई बार पत्र व्यवहार के बाद जिला स्तर इस संबंध में कोई सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है। इस स्थिति में तकनीकी रूप से उनका बजट अधर में लटक सकता है। इससे पहले आई बजट की धनराशि को भी इसी प्रकार लंबे समय तक जिले में डंप रखा गया है।

# अभियुक्त और गवाहों को ससमय न्यायालय में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें : सीजेएम

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** नालसा नई दिल्ली और झालसा रांची के निदेर्शानुसार अनुसार 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इसे लेकर लोहरदगा के सभी थाना प्रभारियों के साथ सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा, वरिय सिविल जज अर्चना कुमारी, डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट जया स्मिता तिर्की और अनुमंडलीय न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार गुप्ता ने बैठक की। सीजेएम ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित एक्शन प्लान के तहत जिन दांडिक वादों को चिन्हित किया गया है उनसे संबंधित अभियुक्त और गवाहों को स- समय न्यायालय में उपस्थित कराना सुनिश्चित करें। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जो नोटिस विभिन्न न्यायालयों द्वारा जारी किये जा रहे हैं। उसे अविलंब तामिला कराकर न्यायालय को वापस करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में हो सके। डालसा सचिव राजेश कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि जिन अभियुक्त को थाना द्वारा पकड़ा जाता है और जिन्हें जेल भेजना अनिवार्य है, गिरफ्तारी मेमो बनाते समय ही एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं को उनके मोबाइल पर सूचना दी जाये ताकि वह रिमांड के समय उपस्थित रह सके। मीटिंग में वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी ने भी कोर्ट संबंधित समस्याओं की चर्चा की। चेक बाउंसिंग के बढ़ते हुए मामलों को देखकर पुलिस को यह हिदायत दी गयी कि वह चेक मामलों के केस में यदि न्यायालय द्वारा अजमानतीय वारंट जारी कर दिया जाता है, तो थाने पर से उसे बेल न दिया जाये। उसे न्यायालय में आत्मसमर्पण करने को कहा जाये। मौके पर पुलिस अधिकारियों ने भी अपनी समस्याओं को रखा। अधिवक्ता विवेक कुमार भी मीटिंग में उपस्थित थे।

# सिकल सेल जांच शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुडू - लोहरदगा।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर कुडू प्रखण्ड क्षेत्र में सिकल सेल डिजीज (एससीडी) की जांच की गई और इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कुडू में बीडीओ प्रवेश कुमार साव, सिएचसी प्रभारी डॉ सुलामी होररो, सीडीपीओ सोनिया मंजुल ने दीप प्रजवलित कर किया। मौके पर सभी छात्राओं की एससीडी जांच की गई साथ ही नशामुक्त रहने की शपथ भी दिलाई गई। डॉ सुलामी होररो ने जानकारी देते हुए बताया कि यह एक आनुवंशिक बीमारी है। जिसमें लाल रक्त कोशिकाओं का आकार अर्द्धचंद्र या हंसुआ जैसा हो जाता है। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। इसका पता बिना खून जांच के नहीं चलता, इस लिए परिवार का वैसे सदस्य जिनकी उम्र शून्य से 40 वर्ष हो, सिकल सेल जाँच अवश्य कराएं। इसके प्रमुख लक्षणों में पीलापन दिखायी देना, बार-बार बीमार होना, थकान, बुखार और सूजन तथा कमजोरी महसूस करना, रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाना, जोड़ों में दर्द या सूजन, छाती में दर्द, सांस फूलना, पीठ और पेट में दर्द होना आदि है। उन्होंने बताया कि प्रखंड में सिकल सेल की जांच हेतु आज चार हजार का लक्ष्य निर्धारित है। मौके पर बीपीएम सरोजिनी केरकेट्टा, लैब टेक्नीशियन मो आफताब आलम, स्कूल की वार्डन, शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित थीं।

# खिलाड़ियों के चयन में पक्षपात और पैरवी नहीं होनी चाहिए : डॉ रामेश्वर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा प्रीमियर लीग का फाइनल मैच वर्षा के कारण हुआ रद्द, दोनों टीम हुए संयुक्त विजेता घोषित**

**लोहरदगा को खेल हब बनाना हमारा उद्देश्य : धीरज प्रसाद साहू**

**लोहरदगा के खिलाड़ियों मे प्रतिभा है, इंफ्रास्ट्रक्चर भी है, आगे बढ़ेंगे जरूर : डीडीसी**

**लोहरदगा।** लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित लोहरदगा प्रीमियर लीग का फाइनल मैच वर्षा के कारण रद्द घोषित कर लोहरदगा लाइंस और लोहरदगा सुपरकिंग क्रिकेट दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। मौके पर वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत, पी एन सिंह जॉइंट सचिव झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन तथा रणजी खिलाडी आशीष कुमार, अमित कुमार, अशोक यादव, निशीथ जायसवाल समेत अन्य गन्य मान्य उपस्थित थे। मौके पर मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि खिलाड़ियों का चयन मे पक्षपात और पैरवी से नहीं होना चाहिए ताकि किस बच्चे में कैसी प्रतिभा है, उसे कुंठित न करें बल्कि प्रोत्साहित करें। खिलाडी भी गंभीरता से खेले और आगे बढे। छोटे से छोटा भी जॉब मिलता है, तो उसी में मेहनत कीजिये। खेल को रोजगार से झारखंड सरकार ने जोड़ा है। 2% नौकरी खिलाड़ियों को मिलेगी। पूर्व राज्य सभा सांसद सह जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने कहा की लोहरदगा को मेरी दिली इच्छा है कि खेल हब बनाया जा सके। इसके लिए क्रिकेट स्टेडियम, फुटबॉल स्टेडियम और राइफल सूटिंग सहित अन्य खेलों निमित्त कार्य कर रहा हूं। जनवरी में क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन ऐतिहासिक होगा और आईपीएल के तर्ज पर भारतीय स्तर तथा अंतराष्ट्रीय खिलाडियों से सुज्जित टीमों का खेल लोहरदगा में होगा। जिसका आयोजन भव्य होगा। डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत ने कहा कि लोहरदगा में खिलाडियों में प्रतिभा है और खेलों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर भी है। एक दिन राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर के खिलाडी लोहरदगा के होंगे। मंच संचालन क्रिकेट एसोसिएशन के जिला सचिव अलोक रॉय तथा धन्यवाद ज्ञापन क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष भाष्कर दास गुप्ता द्वारा किया गया। लोहरदगा लियोन तथा लोहरदगा सुपर किंग जॉइंट विजेता घोषित हुए। इस अवसर पर अशोक यादव, निशीथ जायसवाल, सतीश वर्मा, मुकेश दुबे, किशोर वर्मा और सरोज प्रजापति उपस्थित थे।

# जिला को नशामुक्त बनाना है : उप विकास आयुक्त



**मादक पदार्थों के इस्तेमाल के विरूद्ध एक सप्ताह तक चलेगा जागरूकता अभियान**

**उप विकास आयुक्त ने जागरूकता रथ को दिखायी हरी झंडी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** राज्य सरकार के निदेश पर लोहरदगा जिला को नशामुक्त बनाने की दिशा में अभियान की शुरूआत के रूप में सूचना और जनसंपर्क कार्यालय की ओर से जागरूकता रथ को आज उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार ने पूरे राज्य को नशामुक्त बनाये जाने का संकल्प लिया है। इस दिशा में जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से लोहरदगा जिला में भी जागरूकता अभियान 19 से 26 जून 2024 तक जिला स्तर से लेकर प्रखंड व पंचायत स्तर तक चलाया जायेगा। इस अभियान में महिला और बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूचना और जनसंपर्क, नगर परिषद, पुलिस विभाग, जेएसएलपीएस के अलावा कई संस्थाएं भी अपने-अपने स्तर से जागरूकता अभियान में शामिल होंगे। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा, डीसीएलआर सुजाता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल समेत अन्य पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## नशे की लत में आसानी से आ रहे बच्चे

उप विकास आयुक्त ने कहा कि आजकल सोशल मीडिया के दौर में बच्चे आसानी से नशे की लत में आ जा रहे हैं। किशोरों में आज यह तेजी से बढा है। लोहरदगा जिला प्रशासन ने यह संकल्प लिया है कि लोहरदगा जिला में मादक पदार्थों के इस्तेमाल पर रोक लगायी जाये ताकि नशे से छुटकारा मिल सके। स्कूल और कॉलेज में भी यह जागरूकता अभियान चलाया जायेगा, जिसमें युवाओं को जागरूक करने में मदद मिलेगी। यह अभियान एक सप्ताह चलेगा। अगर कोई नशा के प्रभाव में बच्चे/युवा या कोई व्यक्ति पाया जाता है, उन्हें नशामुक्त किया जायेगा।

## किस प्रखंड में कब चलेगा जागरूकता रथ

सूचना और जनसंपर्क कार्यालय की ओर से जागरूकता रथ लोहरदगा जिला में 20 जून को कैरो प्रखंड, 21 जून को किस्को प्रखण्ड, 22 जून को कुडू प्रखण्ड, 23 जून को भंडरा प्रखण्ड, 24 जून को पेशरार प्रखण्ड, 25 जून को सेन्हा प्रखंड और 26 जून को कुडू प्रखंड में भ्रमणशील रहेगा।

# मेराल में विरोध के बीच चला बुलडोजर, हटा अतिक्रमण

**बाल बाल बचे सीओ तथा मुखिया, जेसीबी मशीन का टूटा शीशा, मामले में 11 लोगों पर प्राथमिक की दर्ज**

बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना मुख्यालय के पूवार्राटोला के श्मशान घाट पर किए गए अस्थाई अतिक्रमण हटाने गए प्रशासन पर अतिक्रमणकारियों ने तू तू मैं मैं करते अचानक लाठी डंडे और पत्थरों से हमला कर दिया इस घटना में सीओ यशवंत नायक तथा स्थानीय मुखिया रामसागर महतो बाल बाल बच गये। पत्थर बाजी में जेसीबी का शीशा टूट गया बाद में भारी संख्या में पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण को हटाकर उस जमीन पर मिट्टी भराई तथा सड़क निर्माण कराया गया। इस मामले में मुखिया तथा दर्जनों ग्रामीणों द्वारा सीओ को आवेदन देकर सरकारी भूमि का अतिक्रमण मुक्त कराने के दौरान पत्थर बाजी कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने तथा मुखिया तथा अन्य लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी देने के साथ-साथ जेसीबी मशीन को एक लाख रुपए का क्षती पहचाने को लेकर कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। ग्रामीणों के आवेदन को संलग्न करते हुए इस मामले में सीओ द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। आवेदन में श्रवण महतो उसकी पत्नी पुष्पा देवी, जयप्रकाश महतो उसकी पत्नी सोना देवी, लगसरिता देवी, राम कुमार महतो उसकी पत्नी आशा देवी, नरेश महतो उसकी पत्नी कलावति देवी, केदार और संगीता देवी को आरोपी बनाया गया है। खबर लिखे जाने तक प्राथमिक दर्ज करने का प्रक्रिया चल रहा था।



## सरकारी जमीन की मापी कर हटाया गया है अतिक्रमण : सीओ यशवंत नायक

**सीओ यशवंत नायक ने बताया कि ग्रामीणों के आवेदन के बाद तिथि निर्धारित कर आज सरकारी जमीन की माफी कराकर अतिक्रमण हटाया गया है। अतिक्रमण किए गए लोगों द्वारा जनप्रतिनिधि तथा पदाधिकारीयों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए पत्थर बाजी किया गया है इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना में आवेदन दे दिया गया है।**

## मेरी बात नहीं सुनी गयी : श्रवण महतो

अतिक्रमण हटाने गए प्रशासन का विरोध करने वाले श्रमण महतो ने कहा कि मेरी बात नहीं सुनी गई। सीओ साहब को फरवरी में ही अपने दादा के समय का बंदोबस्त की गई जमीन की मापी करने का आवेदन दिया था, परंतु आज तक मेरी जमीन का मापी नहीं किया गया। उल्टा विरोध के बाद भी जबरन मेरी जमीन पर बुलडोजर चलाया गया है।

# विधायक भानु प्रताप शाही ने पेयजल स्वच्छता के सचिव को पत्र सौंपा

**नल-जल योजना में धांधली, उच्चस्तरीय जांच की मांग**

**भवनाथपुर समेत पूरे झारखंड में योजना बेहाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधायक ड्डानु प्रताप शाही ने पेयजल स्वच्छता विभाग के सचिव को पत्र सौंपा है। इसमें कहा गया है कि गढ़वा जिले के ड्डावनाथपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड में प्रधान मंत्री जल जीवन मिशन, ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत घरों में नल से जल पहुंचाने की योजना प्रधानमंत्री की है, लेकिन संवेदक के द्वारा ठीक उलटा किया जा रहा है। संवेदक और इंजीनियर की मिलीभगत से जल जीवन मिशन योजना में धांधली मची हुई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा कई बार हिदायत के बाद भी संवेदक मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं। निविदा में फर्जी कागजात और पेमेंट सर्टिफिकेट, टर्न ओवर सर्टिफिकेट, बीड केपेसिटी लगाकर अधिकतर वैसे लोगों से काम लिये जा रहे हैं, जो कभी पेयजल से संबंधित कार्य नहीं किये हैं। इनके द्वारा योजना कार्य में घटिया पाइप का उपयोग किया जा रहा है। बिना बोरिंग किये हुए ही पैसा निकासी की जा रही है। अधिकत्तर फेल बोरिंग में जल मीनार खड़ा किया गया है, जिससे पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पाइप 06 इंच से एक फीट तक गड्ढ़ा खोद कर बिछाया गया है। कहीं-कहीं तो खेत में ऐसे ही बिछा कर छोड़ दिया गया है। गांव-टोला में पाइप सड़क किनारे बिछा दी गयी है, जो सड़क बनते समय कलवर्ट, गार्डवाल की खोदाई में पाइप फट रही है। इसे देखनेवाला कोई नहीं है। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड में चल रही इस योजना की जांच उच्चस्तरीय कमेटी बना करायी जाये।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना**
**विद्युत (सामान्य) खुली निविदाएँ**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:

1. **ई–निविदा संख्या: ईएल/10/खुली/2024–25**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** (अ) बाँसजोड़ा और फुलवारटाँड़ में पाइप जल आपूर्ति के प्रावधान (ब) फुसरो और बोकारो में पीएफ का विस्तार और फुसरो में पानी की आपूर्ति के लिए 4x10000 लीटर पीबीसी टैंक के प्रावधान (स) धनबाद मंडल के 27 स्टेशनों पर यात्रियों के लिए पानी की आपूर्ति में वृद्धि से संबंधित वैद्युतिक कार्य। (कार्य समापन अवधि : नौ माह), **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रु. 55,20,852.27, **बिड सिक्युरिटी:** 1,10,400.00

2. **ई–निविदा संख्या: ईएल/11/खुली/2024–25**
**कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** डीएफसीसीआईएल संरेखण के कारण बंधुआ से गोमो में उपयोगिता स्थानांतरण के संबंध में 33/11/0.415 केवी ओवरहेड लाइनों का स्थानांतरण/संशोधन (कार्य समापन अवधि : नौ माह), **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रु. 1,31,94,070.05, **बिड सिक्युरिटी:** 2,16,000.00, **ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा बंद होने की तिथि दिनांक 09.07.2024 को 11:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 09.07.2024 को 11:30 बजे के बाद, **वेबसाइट का विवरण:** वेबसाइट www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/00503/डीएचएनजीएस/ईजीईएन/टी/24–25/44

# कावेरी मैरेज हॉल एंड कावेरी गेस्ट हाउस का भव्य शुभारंभ

**आधुनिक सुविधाओं से लैस है यह प्रतिष्ठानः शिवपूजन**

आजाद सिपाही संवाददाता






**भवनाथपुर।** भवनाथपुर में रोड में स्थित हिंदुस्तान पेट्रोल पंप के समीप बुधवार को नवनिर्मित आधुनिक सुविधाओं से युक्त कावेरी मैरेज हॉल एंड कावेरी गेस्ट हाऊस का शुभारंभ हुआ है। उद्घाटन से पूर्व प्रतिष्ठान के मालिक के पुत्र और पुत्रवधु अजय यादव द्वारा सपत्नीक विधिवत पूजा अर्चना के बाद प्रो. शिवपूजन यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। उक्त मैरेज हॉल एंड गेस्ट हाउस भवनाथपुर में नवनिर्मित कावेरी मैरेज हॉल आधुनिक सुविधाओं से युक्त अनुमंडल का पहला मैरेज हॉल एंड गेस्ट हाउस है। इसमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। मौके पर मैरेज हॉल एंड गेस्ट हाउस के मालिक शिवपूजन यादव ने बताया कि भवनाथपुर शहरी क्षेत्र समेत केतार और खरौंधी प्रखंड में एक भी मैरिज हॉल और गेस्ट हाउस नहीं होने के कारण इन तीनों क्षेत्र के लोगों को शादी विवाह, बर्थडे तथा अन्य सामूहिक पारिवारिक कार्यक्रम के लिए 50 से 100 किमी दूरी तय कर गढ़वा, मेदिनीनगर या अन्य जगहों पर जाना पड़ता था। जिससे वैसे लोगों को आने जाने में अधिक खर्च और ज्यादा समय लगाने के साथ ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसे देखते हुए मैंने मैरेज हॉल और गेस्ट हाउस का निर्माण कर लोगों को समर्पित करने का कार्य किया हूं। कहा कि अब आसपास के लोगों को खास कर शादी, पार्टी या अन्य कार्यक्रम में काफी सहूलियत होगी। उचित दर पर उन्हें मैरेज हॉल, गेस्ट हाउस के साथ खाने, पीने का व्यवस्था उपलब्ध कराई जायेगी। उक्त गेस्ट हाउस के परिसर में करीब 30 गाड़ियों की क्षमता का पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव, अभय, बुचुल, नागेश पांडेय, रविंद्र, शंभूशंकर, जगदीश, रंजन सहित लोग उपस्थित थे।

# गिरिनाथ सिंह ने चिनिया में जनसंपर्क अभियान चलाया

**ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं, उसे दूर करने का वादा किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने चिनिया प्रखंड में जनसंपर्क कार्यक्रम किया। इस दौरान उन्होंने चिनिया प्रखंड स्थित संकटमोचन मंदिर में पूजा अर्चना और संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया। चिनिया प्रखंड के पंचायत के खुरी गांव, डोल, चपकली और पंचायत बिलैती खैर के गांव छतैलिया और महतवाई के अलावा कई टोला में लोगों से मिलकर उनका समर्थन प्राप्त किया। इस क्रम में ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि आपके बेहतर नेतृत्व के बिना हम सभी का कोई भी सार्वजानिक कार्य नहीं हो पा रहा है। पूर्व मंत्री के पीछे पुरा जन सैलाब देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्यरूप से बाबूल सिंह, रामलखन यादव, कैलाश यादव, उमेश सिंह, अताउर मुखिया, दुःखन साव, रमेश यादव, सुनील माली, सीताराम यादव, शिवशंकर सोनी, सुलपानी संह, अरुण यादव उप मुखिया, सुनील चंद्रवंशी, शिवनाथ चौधरी, राजेश वर्मा, बद्री नारायण तिवारी, कृष्णा यादव, बिहारी साव सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मंदिरों में झाड़ू, कपूर आदि का वितरण

**श्री बंशीधर नगर। स्थानीय गोसाई बाग स्थित श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी के द्वारा विभिन्न मंदिरों में झाड़ू, अगरबत्ती, फूल बत्ती, कपूर का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर श्री सर्वेश्वरी समूह के सदस्यों ने श्री बंशीधर नगर के बस स्टैंड अवस्थित राधा कृष्ण मंदिर, श्री बंशीधर मंदिर, सूर्य मंदिर, शारदा मंदिर, महावीर मंदिर रक्सा, नृवादेश्वर मंदिर पालहे, भवनाथपुर मोड़ महावीर मंदिर सहित अन्य मंदिरों में जाकर झाड़ू अगरबत्ती, माचिस, कपूर, धूपबत्ती का वितरण किया।**

## बड़े स्तर पर होगा योग दिवस का आयोजनः डीसी



**गढ़वा (आजाद सिपाही)। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर समाहरणालय गढ़वा के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक में असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ अशोक कुमार ने सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जानकारी देते हुए इसे बड़े स्तर पर गढ़वा जिला में मनाने की जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि जिला स्तर से लेकर सभी प्रखंड/पंचायत स्तर पर योग दिवस मनाया जायेगा। जिसमें अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता की अपील की गयी। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर योगा दिवस मनाने को लेकर आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया गया। जिला स्तर पर आयोजित होने वाले योग दिवस समारोह का मुख्य कार्यक्रम टाउन हॉल के मैदान में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ अशोक कुमार, निदेशक डीआरडीए रविश कुमार राज समेत उपाधीक्षक सदर अस्पताल, जिला आयुष चिकित्सक, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।**

## व्यवसायी संघ ने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं किये जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। होटल व्यवसायी के साथ तथाकथित मारपीट और तोड़फोड़ के साथ पैसा लूटने की घटना के बाद भवनाथपुर थाना पुलिस की सुस्त रवैया से आहत व्यवसायी संघ भवनाथपुर ने 24 घंटे के भीतर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं किये जाने पर संवैधानिक तरीके से आंदोलन करने की लिखित चेतावनी दी है। बताते चले कि मंगलवार की दोपहर होटल से रसगुल्ले को उजला पन्नी में दिए जाने को लेकर उपजे विवाद के बाद चार से पांच लोगों द्वारा होटल से मिठाई फेंकने, तोड़फोड़ करने और दुकान में रखी 40 हजार रु छिनतई को लेकर होटल संचालक करमु ने स्थानीय थाने में अरसली उत्तरी निवासी छोटू शर्मा के साथ चार से पांच लोगों के विरुद्ध शिकायत की थी। उक्त घटना से आक्रोशित भवनाथपुर व्यवसायी संघ की नीतीश गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार की सुबह बैठक हुई जिसके बाद भवनाथपुर थाना पुलिस को दोषियों के विउद्ध कार्रवाई करने की मांग की और 24 घंटे के भीतर कार्रवाई नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।**

# आजसू 22 को पार्टी स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** युवा आजसू की एक बैठक जिला सह प्रभारी राजन कुमार रवि की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में युवा आजसू के प्रदेश संयोजक सह गढ़वा जिला प्रभारी रविंद्र नाथ ठाकुर और विशिष्ट अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य डॉ इश्तियाक रजा उपस्थित हुए। बैठक में युवा आजसू चिनिया प्रखंड संयोजक मंडली का गठन किया गया। संयोजक मंडली में पिंटू कुमार गुप्ता, बिंदेश्वर सिंह, फुलटूस गुप्ता, चांदसी गुप्ता, राजेंद्र यादव के नाम शामिल है। लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश संयोजक सह गढ़वा जिला प्रभारी रविंद्र नाथ ठाकुर ने कहा कि बहुत जल्द ही हर प्रखंड में युवा आजसू के कमेटी का गठन कर लिया जायेगा। उसके बाद पंचायत से लेकर गांव तक कमेटी को धारदार बनाया जायेगा, जिससे झारखंड राज्य में झारखंडियों के साथ हो रहे अन्याय भ्रष्टाचार और पलायन के विरुद्ध एक बिगुल फुका जायेगा और झारखंडवासियों को उनका हक दिलाने के लिए युवा आजसू लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाने का काम करेगा। 22 जून को पार्टी स्थापना दिवस पर बलिदान दिवस को युवा आजसू युवा दिवस के रूप में मनायेगा। हर विधानसभा में पर्यावरण संरक्षण हेतु 100 वृक्ष लगाये जायेंगे। बलिदान दिवस में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। विशिष्ट तिथि केंद्रीय सदस्य डॉ इश्तियाक रजा ने कहा कि झारखंड निर्माण के लिए युवाओं ने अपनी आहुति दी है, अब झारखंड के नवनिर्माण के लिए युवाओं को आगे आना होगा। राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है।

बेरोजगारी का दंश झेल रहे युवा पीढ़ी सरकार को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेगी। जिला सह प्रभारी राजन कुमार रवि ने कहा कि युवा आजसू युवाओं के हक एवं अधिकार के लिए गांव से लेकर सड़क तक युवाओं को गोलबंद करने का काम करेगी बैठक में जितेंद्र कुमार पाल, अशरफ हुसैन, रंजीत कमलापुरी, ब्रजेश कुमार पाल, अनिल कुमार कुशवाहा, शशिकांत तिवारी, शिवम कमलापुरी, सुनील कुमार कुशवाहा आदी उपस्थित थे।

# गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने सप्ताह भर चलने वाले समर कैंप का शुभारंभ किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** गढ़वा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा रामा साहु उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार को सप्ताह तक चलने वाले समर कैम्प का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, महासचिव आलोक मिश्रा, क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर ओलंपिक संघ के अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि गढ़वा के लिए यह बहुत खुशी की बात है कि यहां इस तरह के आयोजन किया जा रहा है, इससे खिलाड़ियों में एक अलग उत्साह देखा गया। इस कैंप का समापन 26 जून को समापन किया जायेगा। महासचिव आलोक मिश्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से खिलाड़ियों में बेहतर करने का अवसर प्राप्त होता है। सभी खिलाड़ी पूरी तन्मयता से लाभ उठाएं। टेबल टेनिस संघ के सचिव आनंद सिन्हा ने कहा के गढवा में खिलाड़ियों की कमी नहीं है जरूरत है उन्हें बस एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का जो गढ़वा जिला क्रिकेट संघ उपलब्ध करा रहा हैं इससे खिलाड़ी बेहतर करेंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा में अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है जिससे भी खिलाड़ी यहां से निकलते हैं। संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि संघ का प्रयास है कि यहां के बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर एक बेहतर खिलाड़ी बन सके। उसी की कड़ी में इस समय कैंप का आयोजन किया गया है। आगे भी इस तरह के आयोजन समय समय पर किया जायेगा। जिससे कि यहां खिलाड़ी अपने खेलों का बेहतर प्रदर्शन कर सके। बाहर से आये कोच प्रकाश मुंडा ने सभी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहे है। उन्होंने कहा कि यहा के बच्चे काफी प्रतिभावान है सिर्फ उन्हें रास्ते बताने की जरूरत है।वे अपने आप खुद का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। इस मौके पर प्रिंस कुमार सोनी सिकंदर प्रजापति,रवि सिन्हा, अंकित सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नल-जल योजना निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत के जिरहुल्ला टोला में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना निर्माण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और अनियमितता बरती गयी है। उक्त योजना के संवेदक द्वारा तो बोरिंग कर जलमिनार तो खड़ा कर दिया गया है, लेकिन टोला के किसी घर में पाईप लाईन नहीं बिछाया गया है, जिस कारण उस टोले के लोगों के घरों में इस तपिश भरी प्रचंड गर्मी में जल की एक बूंद भी नसीब नहीं हो पा रही है। आलम यह है, कि योजना के ठेकेदार द्वारा भोले भाले लोगों से उनके घरों में नल जल पहुंच जाने से संबंधित कागजात लेकर घरों में बिना कनेक्शन किये ही सरकारी राशि का दुरुपयोग कर लिया गया है। जिससे उक्त योजना शुरू होने से पहले ही दम तोड़ते नजर आ रही है।

## क्या कहना है ग्रामीणों का

नल जल योजना में संवेदक द्वारा की गयी भ्रष्टाचार को लेकर पंचायत के मुखिया पति राजेश्वर पासवान, उपमुखिया अवधेश यादव, ग्रामीण नीरज मेहता, आनंद मेहता, अजय मेहता, धर्मेंद्र ठाकुर, नीतीश, रविंद्र वैद्य, प्रणय मेहता, अखिलेश मेहता, राजकुमार ठाकुर, रामजन्म मेहता, जगत मेहता, मनोज मेहता, विशेश्वर यादव, अजीत यादव, सुरेश प्रजापति, रामकुमार मेहता, शिवनंदन मेहता, सूर्यदेव ठाकुर, विनय प्रजापति, धनंजय मेहता आदि ने बताया कि जिरहुल्ला में नल जल योजना के तहत पांच जलमीनार लगा हुआ है, लेकिन ठेकेदार द्वारा सिर्फ जलमिनार खड़ा कर टोला के घरों में पाईप लाईन द्वारा बिना कनेक्शन किये ही छोड़ दिया गया है। कहा कि उक्त टोला में 100 घरों पर पांच सौ आबादी के लिए पांच जल मीनार शुरू होने से पहले ही ठेकेदार के काली करतूत के चलते महत्वाकांक्षी योजना दम तोड़ते नजर आ रही है। ग्रामीणों की माने तो जलमिनार के लिए किया गया बोर भी मानक के अनुरूप नहीं कर कहीं 120 फीट तो कहीं 150 फीट ही कर उसमें सोलर जलमिनार फीट कर दिया गया है। कहा कि जब संवेदक से कहा गया कि घरों में पाईप लाईन बिछाया ही नही गया है, तो घरों में पानी कैसे पहुंचेगा, इस पर संवेदक द्वारा बोला गया कि मुझे जितना कार्य मिला था, वह पूर्ण हो गया है, अब आप लोग अपने स्तर से पानी लाने की व्यवस्था कर लीजिये।

इस संबंध में पंचायत के मुखिया लाईची देवी ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना में संवेदक द्वारा भारी भ्रष्टाचार किया गया है। कहा कि ऐसे ही सरकारी राशि को लूटने नही देंगे। उन्होंने नल जल योजना में संवेदक द्वारा बरती गयी, भ्रष्टाचार और अनियमितता की शिकायत गढ़वा उपायुक्त और संबंधित विभाग से करने की बात कही।

# वार्ड सदस्यों ने मुखिया और पंचायत सचिव पर लगाया उपेक्षा का आरोप

**उपायुक्त को सौपा पांच सूत्री मागों वाला ज्ञापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड के चौदह पंचायत के वार्ड सदस्यों ने मुखिया और पंचायत सचिव के द्वारा उपेक्षित करने का आरोप लगाया है और अपनी पांच सूत्रि मागों वाली हस्ताक्षर युक्त एक ज्ञापन उपायुक्त गढवा को सौपा है। जिसमें अभी तक पंचायत में स्थाई किसी भी समिति का गठन नहीं करने, 15 वें वित की राशि बिना कार्यकारिणी के सहमति लिए बिना मुखिया और पंचायत सचिव के द्वारा खर्च करने, मनरेगा योजनाओं का बिना वार्ड सदस्यों के सहमति लिए चयन एवं स्वीकृत करने, पंचायत भवन में कोई पदाधिकारी उपस्थित नहीं रहना तथा किसी भी योजना को मनमानी तरीके से योजना विस्तार करना जैसे अबुआ आवास पीएम आवास, पेयजल, सुंदरीकरण सार्वजनिक कार्य आदि मांगे शामिल हैं। इन मांगों के आलोक में उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पंचायतों में बरती जा रही अनियमितता के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की गुहार लगायी है।

**भारतीय रेल**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2018/ट्रैक–I(पी)/आरएसपी–ईयूआर/वॉल्.I — दिनांक : 19.06.2024

**शुद्धिपत्र सं. 5**

विषय : लॉन्ग रेल एक्सचेंज (अनलोडिंग एवं लोडिंग) सिस्टम और 05 (पांच) वर्ष के लिए इसकी वार्षिक अनुरक्षण संविदा (भारतीय रेल द्वारा मौजूदा ईयूआर उपलब्ध कराए जाने हैं) की आपूर्ति हेतु ई–निविदा सं. टीकेपी–1–2024.

इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे शुद्धिपत्र के ब्यौरों के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।

(आलोक कुमार)
कार्यपालक निदेशक/रेलपथ (पीएंडपी)
कमरा नं. 256–डी, रेल भवन,
नई दिल्ली – 110001
फोन : 011–23304852
ई मेलः alokkumar.g@gov.in

1845/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# अधिकांश देश भारी जल संकट की चपेट में

इन दिनों जहां एक ओर देश के अधिकांश हिस्सों में भारी गर्मी पड़ रही है, वहीं राजधानी दिल्ली के अलावा पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु, कर्नाटक,महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलगांना, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा आदि राज्य पानी की भारी कमी से जूझ रहे हैं। दिल्ली सरकार द्वारा पड़ोसी राज्यों से पानी की गुहार लगायी जा रही है, वहीं स्वयं पानी की कमी से जूझ रहे हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल की जरूरत को पूरा करने के बाद राज्य सरकार, चाहे दिल्ली हो या कोई अन्य राज्य, सभी को पानी देने के लिए तैयार है। पानी की कमी का एक बड़ा कारण जनसंख्या की अत्यधिक वृद्धि भी है। शहरीकरण के बढ़ते दबाव के कारण घरों में पानी की खपत बढ़ गयी है। कृषि एवं उद्योगों में भी भूजल का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है। भारत में जल संकट के कारण आपस में जुड़े हुए हैं और मिल कर देश में पानी की कमी को बढ़ावा दे रहे हैं। पानी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ कृषि में इस्तेमाल हो जाता है। कुएं एवं बोरवैल सूखते जा रहे हैं। औद्योगिक कचरा, तरह-तरह के कैमिकल, सीवेज, घरेलू अपशिष्ट, जल स्रोतों में अथवा उनके आसपास डंप किये जाने से न केवल पानी की गुणवत्ता खराब हो रही है, बल्कि वहां से मिलने वाला पानी भी घट रहा है। इसके लिए जहां रसोई घर और बाथरूम के पानी का फिर से इस्तेमाल करने और वाटर रीसाइक्लिंग के लिए ट्रीटमेंट प्लांटों का निर्माण करना जरूरी है। वहीं पौधरोपण और वन संरक्षण के अलावा वाटर हार्वेस्टिंग भी बहुत जरूरी है। पानी के भंडारण और वाटर हार्वेस्टिंग में ब्राजील दुनिया में सबसे आगे है। इसके बाद सिंगापुर, चीन, जर्मनी और आस्ट्रेलिया और जापान जैसे देशों का स्थान है, जहां घरों से लेकर जलाशयों तक वर्षा के पानी का बेहतरीन तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। जापान या जर्मनी आदि देशों में अनिवार्य रूप से प्रत्येक घर के बाहर पानी की हार्वेस्टिंग करने का नियम लागू है, जबकि इसके विपरीत हमारे देश में कहीं भी घरों में पानी की हार्वेस्टिंग की व्यवस्था नहीं है। किसी भी घर में वर्षा के पानी के संग्रहण के लिए मकान का कुछ हिस्सा खुला नहीं छोड़ा गया है, जो पानी धरती के नीचे जाकर पानी का स्तर ऊंचा उठाने में सहायता करे। अतः पानी की हार्वेस्टिंग नीति बनानी होगी। जल संकट का सबसे बड़ा कारण तो देश में नदी जल बंटवारे की सही नीति का न होना है, जिसमें संशोधन करने की आवश्यकता है। हरियाणा और पंजाब में भूजल स्तर मुख्यतः धान की खेती के कारण चिंताजनक हद तक गिरता जा रहा है। अतः इन राज्यों में धान की फसल की बुवाई के रुझान को बदलना होगा। पंजाब और हरियाणा भौगोलिक दृष्टि से धान की खेती के लिए उपयुक्त राज्य नहीं हैं। धान की खेती की शुरुआत 60 के दशक में कर तो दी गयी, परंतु बुनियादी तौर पर जो समुद्र से लगते सीमावर्ती क्षेत्र हैं, वहां तो धान की खेती करना बनता है, परंतु पंजाब और हरियाणा में तो पानी ही नहीं होने के कारण यहां धान की खेती करने का कोई औचित्य दिखायी नहीं देता। अतः इन दोनों ही राज्यों के किसानों को धान की बजाय अन्य कम पानी पीने वाली फसलों की खेती करने के विकल्पों को चुनना चाहिए। पंजाब में अधिक उद्योगों को आकर्षित करने की आवश्यकता है, ताकि किसानों की कृषि पर निर्भरता कम होने से पानी के संकट को कम करने में कुछ सहायता मिल सके। ऐसा न करने पर वह दिन दूर नहीं, जब लोगों को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसने की नौबत आ जायेगी।

**शहरीकरण के बढ़ते दबाव के कारण घरों में पानी की खपत बढ़ गयी है। कृषि एवं उद्योगों में भी भूजल का अत्यधिक दोहन किया जा रहा है। भारत में जल संकट के कारण आपस में जुड़े हुए हैं और मिल कर देश में पानी की कमी को बढ़ावा दे रहे हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रोफेसर सामंत ने समाज के कल्याण, खुशी के लिए देने की कला; आर्ट ऑफ गिविंगद्ध का श्रीगणेश किया है। आशय यह है कि आर्ट ऑफ गिविंग के जन्मदाता प्रोफेसर सामंत हैं। हम सभी जानते है कि प्रोफेसर अच्युत सामंत एक शिक्षाविद हैं, एक समाजसेवी है। इन्होंने कम उम्र में ही किट, किस और कीम्स की स्थापना की। ये सभी संस्थाएं ओड़िशा के भुवनेश्वर शहर में स्थित हैं।**

# आर्ट ऑफ गिविंग : प्रो (डॉ) अच्युत सामंत दर्शन



**प्रो तपन कुमार शांडिल्य**



देने की कला एक दर्शन है। यह एक विकसित भारत का मॉडल है। सदियों से भारत में दान देने की प्रथा रही है। वर्तमान समय में प्रो अच्युत सामंत ने इस दर्शन को विगत वर्ष से 2013 से प्रारंभ किया, जो एक क्रांतिकारी कदम है। अपने लिए सभी सोचता है, लेकिन दूसरे के लिए कम लोग सोचते हैं। प्रोफेसर सामंत ने समाज के कल्याण, खुशी के लिए देने की कला; आर्ट ऑफ गिविंगद्ध का श्रीगणेश किया है। आशय यह है कि आर्ट ऑफ गिविंग के जन्मदाता प्रोफेसर सामंत हैं। हम सभी जानते है कि प्रोफेसर अच्युत सामंत एक शिक्षाविद हैं, एक समाजसेवी है। इन्होंने कम उम्र में ही किट, किस और कीम्स की स्थापना की। ये सभी संस्थाएं ओड़िशा के भुवनेश्वर शहर में स्थित हैं। सामंत किट विश्वविद्यालय के संस्थापक, पूर्व चांसलर और सचिव हैं और कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, किस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, किट इंटरनेशनल स्कूल, कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज किट स्कूल ऑफ मैनेजमेंट किट स्कूल ऑफ रूरल मैनेजमेंट, किट स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन, किट स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, किट लॉ स्कूल, किट स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज, कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज और किट पॉलिटेक्निक के संस्थापक हैं। पिछले वर्ष दिसंबर माह में भारतीय आर्थिक सम्मेलन में सिरकत करने किट में गया था। वहां मुझे 40 हजार स्कूल छात्रों के बीच लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से समान्नित किया गया था। डॉ सामंत बचपन से ही एक होनहार छात्र रहे हैं। उन्होंने अपने जीवनकाल में काफी संघर्ष किया और इनका बचपन कष्टदायक रहा, लेकिन इन्होंने अपने में मंजिल तक पहुंचने की तपस्या करते रहे और आज उस तपस्या का फल है कि गरीबों को कुछ देने का कार्य कर रहे हैं।

**प्रसिद्ध अर्थशास्त्री इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो जेके मेहता के सिद्धांत वांटलेशनेश थ्योरी पर प्रो सामंत अपने जीवन में कल्याण का कार्य कर रहे हैं।**

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो जेके मेहता के सिद्धांत वांटलेशनेश थ्योरी पर प्रो सामंत अपने जीवन में कल्याण का कार्य कर रहे हैं। उन्हें एक खुशी है कि वे समाज को कुछ देने की स्थिति में है। सामंत को कई पुरस्कार मिले और उन्होंने सामाजिक उद्यमिता के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये। अमेरिकन एज फाउंडेशन ने उन्हें दुनिया के शीर्ष 15 सामाजिक उद्यमियों में शामिल किया। सामंत का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भारत के किसी भी विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के चांसलर के रूप में दर्ज है। प्रोफेसर अच्युत सामंत की जीवन कहानी धैर्य, दृढ़ संकल्प और सामाजिक जिम्मेदारी की एक शक्तिशाली गाथा की तरह है। 22 वर्ष की आयु में उन्होंने शिक्षण कार्य शुरू किया और 25 वर्ष की आयु में उन्होंने एक ऐसे सफर की शुरुआत की, जिसने न केवल उनका, बल्कि हजारों लोगों का जीवन बदल दिया। अपनी जेब में सिर्फ 5000 रुपये लेकर उन्होंने दो किराये के घरों में किट (कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी) और किस (कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज) की शुरुआत की।

आज ये संस्थान आशा की किरण हैं, जो विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करते हैं, सभी संभव राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों और वैश्विक प्रतिष्ठा से सुशोभित हैं। किट व्यावसायिक शिक्षा के लिए भारत में सबसे अधिक मांग वाले विश्वविद्यालयों में से एक बन गया है। इसमें वर्तमान में 40,000 छात्र हैं और 65 देशों का प्रतिनिधित्व है। किस आदिवासियों के लिए आशा की किरण है, जो 80,000 वंचित छात्रों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, खेल और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करता है और यह सब एक आवासीय परिसर में पूरी तरह से व्यवस्थित है। किस के पास एक स्कूल, एक कॉलेज और एक विश्वविद्यालय है- किस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, जो कि विशेष रूप से आदिवासी विद्वानों के लिए अभिनव आदिवासी पाठ्यक्रम प्रदान करने वाला पहला और एकमात्र विश्वविद्यालय है। किस ने शिक्षा को बढ़ावा देकर नक्सलवाद, उत्पीड़न, तस्करी, कुपोषण, अशिक्षा और अंधविश्वास को रोकने में बहुत बड़ा प्रभाव डाला है। उन्होंने कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज और कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज के अलावा 2600 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक अस्पताल, एक सुपर-स्पेशलिटी सेंटर और एक कैंसर देखभाल अस्पताल की स्थापना की है।

उन्होंने एशिया का पहला स्मार्ट गांव- कलारबांका स्मार्ट गांव और ओड़िशा में एक मॉडल पंचायत विकसित की। यह पूरी तरह से सौर ऊर्जा से चलने वाला गांव है। शिक्षा और आदिवासी उत्थान के अलावा प्रोफेसर सामंत ने कला, संस्कृति, मूर्तिकला, साहित्य, फिल्म, मीडिया, अध्यात्म, ग्रामीण विकास में भी बहुत योगदान दिया है और समाज के लिए उनका मानवीय योगदान विस्मयकारी है। खेलों में उनका योगदान अभूतपूर्व है। अपने संस्थानों के माध्यम से उन्होंने 11 ओलंपियनों का पोषण किया, एक विशाल खेल बुनियादी ढांचा बनाया और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया- शारीरिक फिटनेस, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक एकीकरण में योगदान दिया। उनके मानवीय प्रयासों ने अनगिनत लोगों के जीवन को छुआ है। अपनी सभी उपलब्धियों और प्रशंसाओं और विलासिता तक पहुंच के बावजूद, वह एक साधारण जीवन जीते हैं और एक अविवाहित व्यक्ति हैं, जो विनम्रता और करुणा का प्रतीक हैं।

प्रोफेसर अच्युत सामंत की जीवन कहानी प्रेरणा और उम्मीद की कहानी है। यह अदम्य मानवीय भावना, कड़ी मेहनत, दृढ़ता और जीवन को बदलने और एक बेहतर दुनिया बनाने की सामाजिक जिम्मेदारी की शक्ति का प्रमाण है। एक नीति निर्माता और एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में समाज की बेहतरी के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता सभी के लिए एक शानदार उदाहरण है।

सामाजिक-सांस्कृतिक यात्रा कार्यक्रम समग्र सामाजिक सुधार और परिवर्तन के लिए प्रोफेसर सामंत की बहुआयामी यात्रा में से एक रहा है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रोफेसर अच्युत सामंत किट और किस से संतुष्ट नहीं रहे और उन्होंने अपनी जड़ों और मां, मातृभूमि और मातृभाषा का सम्मान करने के अपने जीवन के दर्शन को कभी नहीं भुलाया। उन्होंने हमेशा समाज को वापस देने में विश्वास किया है और आर्ट ऑफ गिविंग को अपने जीवन का लोकाचार माना है।

रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री के फेलो अच्युतानंद सामंत, जिनका जन्म 20 जनवरी 1965 को हुआ था, एक भारतीय शिक्षाविद् और परोपकारी व्यक्ति हैं। सामंत का जन्म 1965 में ओड़िशा के कटक जिले के कलाराबंका गांव में अनादि चरण सामंत और नीलिमा रानी सामंत के घर हुआ था। जब सामंत चार साल के थे, तब उनके पिता की मृत्यु हो गयी और वे अपनी विधवा मां और सात भाई-बहनों के साथ बेहद गरीबी में पले-बढ़े। सामंत ने उत्कल विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान में एमएससी. की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने भुवनेश्वर के एक कॉलेज में रसायन विज्ञान के व्याख्याता के रूप में अपना करियर शुरू किया। शिक्षा और आदिवासी उत्थान, स्वास्थ्य सेवा और ग्रामीण विकास के अलावा, सामंत ने कला, संस्कृति, साहित्य, फिल्म, मीडिया, समाज और राष्ट्रीय एकीकरण में भी योगदान दिया है। उन्होंने बच्चों के लिए खास तौर पर कादंबिनी पत्रिका और कुनी कथा की भी स्थापना की है। इसके अलावा वे कलिंग टीवी और के न्यूज ओड़िशा के संस्थापक भी हैं। उन्हें 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कारों और 200 से अधिक राज्य पुरस्कारों के अलावा रॉयल किंगडम ऑफ बहरीन और मंगोलिया से दो सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिन्हें क्रमशः मानवता की सेवा के लिए आइएसए पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता पुरस्कार कहा जाता है। उन्हें भारत और विदेशों के विश्वविद्यालयों से 55 मानद डॉक्टरेट पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

डॉ सामंत के जीवन को देखने से प्रतीत होता है कि उनकी आर्थिक सोच भारतीय जीवन-शैली, धर्म और नैतिकता और सभी गांधीवादी दर्शन से बहुत प्रभावित हैं। डॉ सामंत प्रो जेके मेहता के सिद्धांतों के बहुत निकट हैं। प्रो मेहता के सिद्धांतों में इच्छा विहीनता की स्थिति का उल्लेख मिलता है। मेहता ने वकालत किया कि इच्छा विहीनता की स्थिति वह है, जिसमें कोई दर्द नहीं होता और परिणामस्वरूप सुख पाने की कोई संभावना नहीं होती। मेहता के अनुसार, ऐसी मनः स्थिति में व्यक्ति को अनुभूति करता है, उसे सुख के नाम से जाना जाता है। उन्होंने संतुष्टि या आनन्द और खुशी के बीच अंतर किया। खुशी केवल दर्द से दूर करने का नाम नहीं है, यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें कोई दर्द नहीं होता। यह खुशी तब अधिकतम होगी, जब दर्द शून्य हो जायेगा। इसलिए प्रो मेहता के अनुसार मानव व्यवहार का लक्ष्य खुशी है, हालांकि, खुशी केवल लक्ष्य तक पहुँचने का एक साधन है।

आर्ट ऑफ गिविंग सिद्धांत में प्रो अच्युत सामंत ने दूसरों में खुशी ढूढ़ने का प्रयास किया है। प्रो सामंत ने अपने सिद्धांत में असीमित इच्छाओं के सिद्धांत के जबाव में इच्छाहीनता का सिद्धांत विकसित किया, जो आर्थिक गति विधि का मुख्य प्रेरक है। गांधी ने कहा था- मनुष्य की बढ़ती हुई इच्छाओं और आवश्यकताओं की संतुष्टि संभव नहीं है।

**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# जुगसलाई विधायक ने गोविंदपुर बाबा तिलका मांझी चौक से परसुडीह तक 9 किमी सड़क के लिए सीएम से किया आग्रह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक मंगल कालिंदी ने क्षेत्र की जनता के मांग पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पत्र लिख कर जर्जर सड़क निर्माण के लिए आग्रह किया। बुधवार को विधायक श्री कालिन्दी ने मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन से मुलाकात कर जमशेदपुर प्रखंड के गोविंदपुर बाबा तिलका मांझी चौक से गदडा, रहरागोड़ा बाड़ीगोड़ा, सरजमदा, शंकरपुर होते हुए परसुडीह तक लगभग 9 किलोमीटर सड़क निर्माण व मरम्मती के लिए निवेदन की। विधायक ने कहा पूरे क्षेत्र में धनी आबादी है। सैकड़ो ग्रामीण रोजाना सड़क से आना जाना करते है। सड़क के जर्जर अवस्था के कारण क्षेत्र के लगभग 25 पंचायत के लोग प्रभावित हो रहे हैं। खासकर आपातकालीन स्थिति में



बच्चों को विद्यालय आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिससे क्षेत्र के लोगों में रोश व्याप्त है। उन्होंने आग्रह करते हुए सड़क निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। विधायक श्री कालिंदी ने कहा राजयबके पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने सड़क निर्माण के लिए 18 करोड़ की लागत से टेंडर निकाला गया था। लेकिन किसी ने टेंडर नही भरा था। अन्यथा लोकसभा चुनाव के पूर्व सड़क निर्माण हो जाता। उन्होंने कहा आश्चर्य की बात है इसमें राजनीति होने का भी अनुमान लगाया जा सकता है। दोबारा टेंडर निकालने पर एकमात्र मंगोटिया लिमिटेड कांट्रेक्शन के द्वारा टेंडर डाला गया है। उन्होंने बताया जुगसलाई विधानसभा के सेवक होने के नाते इस सड़क को विधानसभा से पूर्व निर्माण कराने का प्रयास कर रहे हैं। आशा है बहुत जल्द सड़क का निर्माण होगा। ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी।

# जागरूकता रथ को किया रवाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला खरसावां जिले में डीसी के निर्देश पर 19 जून से 26 जून तक मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। बुधवार को समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बर्दियार ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर अपर उपायुक्त संजय कुमार दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू, जिला कल्याण पदाधिकारी गोपी उरांव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सहित जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती




सत्या ठाकुर मौजूद रहे। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकताओं के विरुद्ध सख़्त कानूनी कारवाई के साथ-साथ समाज को, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत दो जागरूकता रथ सरायकेला और चांडिल अनुमंडल के लिए रवाना किया गया।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के चुनाव में देवाशीष सतपति ने लिया नामांकन वापस



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में चुनावी प्रक्रिया के दौरान चुनाव पदाधिकारी के समक्ष बी आई डब्ल्यू क्षेत्र के देवाशीष सतपति ने बुधवार को शरीर उपस्थित होकर अपना नामांकन वापस लिया। इसके उपरांत बी आई डब्ल्यू चुनाव क्षेत्र से एक प्रत्याशी सुनील सिंह रहे गये। वहीं एच वी टी एल के चारो प्रत्याशी संतोष कुमार, अब्दुल रउफ, वी के महतो, उपेंद्र कुमार चुनाव मैदान मे डटे रहे। गुरुवार को बैलेंस पेपर का नमूना प्रत्याशियों को दिया जाएगा और आगामी 21जून को मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उसके उपरांत वोटो की गिनती पर्यवेक्षक के द्वारा कराई जायेगी।

## श्रम सचिव से मिला केंद्रीय ट्रेड यूनियन का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल

# मजदूरों की समस्याओं से कराया अवगत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के एक संयुक्त प्रतिनिधि मंडल इंटक के महासचिवे के नेतृत में झारखंड सरकार के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार से मुलाकात की। बुधवार को मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने एक मांग पत्र सौप कर झारखंड के मजदूर वर्ग की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर उन्होंने झांरखण्ड में मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी का अधिसूचना लागू करने में हो




रही देरी पर विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही ठेका मजदूरों का न्यूनतम वेतन जल्द तय करने, झारखंड के 980 यूनियनों का पुनः पंजीकरण, स्कीम वर्कर्स, आउटसोर्सिंग और गिग, जोमेटो, स्विगी क्षेत्र में मजदूर वर्ग के अधिकारों को सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने कल्याण बोर्ड और ईएसआई में मजदूर पक्ष की समुचित भागीदारी और असंगठित मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी का सवाल भी उठाया गया। साथ ही झारखंड में केंद्र सरकार के दबाव में श्रम संहिता के नियम बनाने और लागू करने को लेकर राज्य कर्मचारियों और मजदूरों की आशंका से भी सचिव को अवगत कराया। इस अवसर पर इंटक के महासचिव राकेश्वर पांडे, एटक के महासचिव अशोक यादव, एआईसीसीटीयू के महासचिव शुभेंदु सेन, सीआईटीयू के महासचिव विश्वजीत देब सहित एटक के सतीश केसरी व सीआईटीयू के प्रतीक मिश्रा शामिल रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बस्ती विकास समिति का एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में वृहद योग शिविर का होगा आयोजन




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** लौहनगरी जमशेदपुर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर खासा उत्साह देखा जारहा है। बस्ती विकास समिति जमशेदपुर के तत्वावधान में एग्रिको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में वृहद योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना है। बुधवार को बस्ती विकास समिति के द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ओर पर होने वाले कार्यक्रम एवं तैयारियों पर विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की गई। मौके पर बस्ती विकास समिति के अध्यक्ष खेमलाल चौधरी, संरक्षक रामबाबू तिवारी, योग दिवस के प्रभारी दिनेश कुमार एवं पवन अग्रवाल, महिला पतंजलि योग समिति की गौरी कर व अन्य मौजूद रहे। समिति के अध्यक्ष खेमलाल चौधरी ने बताया बस्ती विकास समिति के द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा।

# अनियंत्रित टाटा सूमो ने घर में मारी टक्कर, सेना के जवान की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के नवाडीह के समीप अनियंत्रित टाटा सुमो के एक घर में जोरदार टक्कर मारने से वाहन चालक सेना का जवान हापा मुनि निवासी 33 वर्षीय रवि उरांव पिता सोमरा उरांव की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घटना मंगलवार की रात करीब 11 बजे की है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक रवि राजस्थान में सेना के पद पर पोस्टेड था और छुट्टी में घर आया हुआ था वहीं डीएसपी रोड में अपने ससुराल में रिश्तेदार के मुंह मुंह जूठी कार्यक्रम में परिवार के साथ गया था। वही अपने पत्नी व बच्चों को छोड़कर अकेले वापस गांव लौट रहा था। तभी नवाडीह के समीप अनियंत्रित होकर एक घर को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। बुधवार की सुबह सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# रेफरल अस्पताल ने लगाया चिकित्सा कैंप



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में 'विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस' के अवसर पर एक चिकित्सा कैंप रेफरल अस्पताल बसिया द्वारा लगाया गया। चिकित्सा कैंप में सीएचओ ज्योति लकड़ा, एएनएम निर्मला कुल्लू, विनीता मिंज, अंजना रेणु मिंज, सुनिता कुमारी, एमपीडब्ल्यू. मनोज कुमार, सहिया सुकरो लकड़ा, दमयंती कुल्लू तथा जसमुनि मिंज सहित कुल 9 सदस्य थे। इस विशेष अवसर पर पटना से आयुर्वेद अनुसंधान केंद्र के अनुसंधान अधिकारी डॉ बालाजी पोटभरे अपने सहायक अमित कुमार शुक्ला के साथ उपस्थित थे। सर्व प्रथम रेफरल अस्पताल बसिया की टीम ने 181 छात्रों के रक्त का नमूना संग्रह किया। वैसे छात्रों के रक्त का नमूना नहीं लिया गया जिनका सिकल सेल एनीमिया का जांच गत वर्ष हो चुका था। पटना से आए डॉ बालाजी पोटभरे ने पीपीटी के माध्यम से छात्रों को सिकल सेल एनीमिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सभी छात्रों को आयुर्वेद जीवन पद्धति के बारे में जानकारी से संबंधित बुकलेट भी बांटा। विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार प्रसाद ने भी छात्रों को सिकल सेल एनीमिया के बारे में विस्तार से बताया। कक्षा 7 के छात्र निशांत उरांव, संजय सिंह मुंडा, रोशन उराँव, सूर्या उरांव, अरविंद उरांव, गुंजन उरांव, कृष उरांव, वीर महली, मनीष उरांव, बादल उरांव तथा अनिश उरांव ने सिकल सेल एनीमिया के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक सुंदर लघु नाटिका का मंचन किया जिसे सभी छात्रों,शिक्षकों तथा उपस्थित चिकित्सा कर्मियों ने खूब सराहा। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने सभी छात्रों के आरोग्य की कामना करते हुए बताया कि अगले दो दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं के माध्यम से सिकल सेल एनीमिया के संदर्भ में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायेगा।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत, शव की नहीं हो सकी पहचान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला लोहरदगा रोड स्थित सोसो मोड़ के समीप ट्रैक्टर की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही एक युवक की मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को फोन कर बुलाया। एंबुलेंस द्वारा युवक को सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच कर युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं युवक की पहचान



नहीं हो पायी है। फिलहाल मृतक के शव को सदर अस्पताल के शव गृह में रखा गया है प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर युवक को टक्कर मारते हुए चंदाली की ओर फरार हो गया।

# दुवारसिनी में पत्थलगड़ी वार्षिक महोत्सव मना



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड के बनयी पंचायत अंतर्गत दुवारसिनी में पत्थलगड़ी वार्षिक महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम उपस्थित बनयी मुखिया एमलेन कुल्लू ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम सभा को मजबूत करना हम सबकी जिम्मेदारी है और ग्राम सभा के मजबूत होने से ही सही मायने में गांवो का संपूर्ण विकास होगा। इसके साथ ही हमे जल जंगल जमीन की रक्षा करना चाहिए। अपनी कला संस्कृति को बचाये रखना जरूरी है। कार्यक्रम में आये ग्राम प्रधान और खोड़ा दल को आयोजनकर्ताओं द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर अनेक गण्यमान्य व्यक्ति, पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

# सिसई में हत्या के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**एसडीपीओ ने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर दी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत मुर्गु तथा बरगांव गांव के बीच पारस नदी के कुएं में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना सिसई थाना को मिली। अनुसंधान के क्रम में शव की पहचान ग्राम डुमरला पोस्ट खरका जिला गुमला निवासी 30 वर्षीय कुश महतो के रूप में हुई। इसके बाद एक टीम का गठन किया गया और इस कांड में संनलिप्त सिसई थाना बरगांव पति टोली निवासी 22 वर्षीय सुनील उरांव पिता स्वर्गीय दिलु उरांव को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। अपना अपराध स्वीकार करने के उपरांत आरोपी ने बरगांव पति टोली निवासी रमेश उरांव उर्फ काडा पिता स्वर्गीय मारवाड़ी उरांव और गोविंदा जिसे वह सिर्फ नाम और चेहरा से पहचानता है। कांड में दोनों की संलिप्तता बतायी। बताया कि उनके साथ मिलकर हत्या की योजना बनायी थी। वही बताया तीनों ने मिलकर बरगांव पति टोली के पीछे स्थित जंगल में षड्यंत्र के तहत कुश महतो को ले जाकर हत्या कर लाश छुपाने की नीयत से चेक डैम के समीप कुएं में लाश में पत्थर बांधकर डाल दिया। निशान देही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का लाठी कुश महतो का जींस शर्ट और बेल्ट बरामद किया। छापामारी दल में सिसई थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव अजय कुमार आशीष कुमार अनुज कुमार नरेंद्र सरदार संदीप एक्का व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी दी। वहीं दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



# 12 वर्षीय नाबालिग से 32 वर्षीय चाचा ने किया दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के एक गांव में मानवता को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। प्रखंड क्षेत्र से 5 किलोमीटर दूर स्थित गांव में अपने ही 12 वर्षीय सगी नाबालिक भतीजी से 32 वर्षीय चाचा ने दुष्कर्म की घटना का अंजाम दिया है। दुष्कर्म की घटना पहली बार नहीं बल्कि इसके पूर्व भी चार बार कर चुका था। घटना के संबंध में पीड़िता की मां ने बताया कि नदी नहाने के लिए वह घर से नदी गयी थी, जब वापस आकर देखी तो उसकी नाबालिक बेटी मायूस बैठी है और रो रही है। इसके बाद पीड़िता के मां ने बच्ची से जब पूरा घटना के संदर्भ में पूछी तो बच्ची रोने लगी और बताई कि घर में अकेली थी तो उसके चाचा घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पूर्व में भी कई बार दुष्कर्म उसके चाचा के द्वारा किया गया था और कहा गया था कि इस घटना के विषय में किसी को बतायेगी तो तुम्हारे मां-बाप का हत्या कर देंगे। डर से वह बच्ची घटना के बारे में किसी को बता नहीं रही थी, घटना के बाद पूरे मामले को लेकर के घाघरा थाना में पीड़िता के पिता ने लिखित शिकायत करके प्रार्थमिकी दर्ज कराया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पीड़िता का मेडिकल कराने के लिए अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी तरुण कुमार ने इस संदर्भ में बताया कि नाबालिक से दुष्कर्म का मामला को लेकर के शिकायत आया था। जिस पर प्राथमिक की दर्ज कर ली गयी है और आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं पीड़िता का मेडिकल जांच के लिये अस्पताल भेजा गया है।

# हिंदू जागरण मंच की बैठक में कई फैसले लिये गये



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र के पंडरानी गांव में बुधवार को प्रांत अध्यक्ष लाल ऋषि अजात शत्रुनाथ शाहदेव के अध्यक्षता में हिन्दू जागरण मंच का एक दिवसीय बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए शाहदेव ने कहा कि सरना सनातन के सक्रिय, संगठित, जागृत होने पर ही देश को सही दिशा और शक्ति प्रदान हो सकता है। हम सब हिंदू थे, हिन्दू हैं, और हिन्दू ही रहेंगे। वहीं वक्ता वाणी कुमार राय ने कहा कि सरना सनातन समाज को धर्मांतरण और लव जिहाद जैसे कुचक्र से बचने और बचाने की जरूरत है। समाज को अंधविश्वास और शराब से सचेत होने की आवयश्कता है। बैठक की धन्यवाद ज्ञापन समरू सिंह ने किया। मौके पर प्रांत परावर्तन प्रमुख संजय कुमार वर्मा, जिला सहसंयोजक उदय कुमार कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष मुकेश ताम्रकार, निशांत चौहान, राजेंद्र साहु, सोमेश्वर उरांव, रामचरित्र सिंह, कुलदीप उरांव,दिनेश सोनी, संतोष सोनी, पूनम सोनी, राजेश देवघरिया, रामचरित्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में सरना सनातन समाज के मातृशक्ति माताएं-बहनें व पुरुष उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने नगर परिषद कार्यालय का निरीक्षण कर दिया निर्देश

# मार्केट कांप्लेक्स दुकानदार भाड़े का भुगतान करें अन्यथा दुकान सील कर कार्रवाई की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुकत अजय कुमार सिंह ने नगर परिषद् कार्यालय सिमडेगा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने नगर परिषद अंतर्गत संचालित योजनाओं की संचिका व संधारण, आकस्मिक अवकाश पंजी, भण्डार पंजी, राजस्व संग्रहण, ट्रेड लाइसेंस, 15 वें वित्त, नागरिक सुविधा, कचरा प्रबंधन, पीएम स्वनिधि निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी सहित अन्य योजना पंजी तथा नगर परिषद में नियुक्त कर्मियों की प्रक्रिया की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने सभी कर्मियों की नियुक्ति से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ट्रेड लाइसेंस धारी से संबंधित लंबित मामलों को ससमय निकरण करने का निर्देश दिया। तथा प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी की समीक्षा कर उसकी अभिलेख का जांच किया। कई आवास योजना का निर्माण कार्य लाभुक की मृत्यु के कारण लंबित है वैसे मामलों पर परिवार के किसी भी सदस्य का आवश्यक का कागजात लेते हुए देने एवं योजना को पूर्ण करने कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त डेली मार्केट कंपलेक्स की दुकानदारों द्वारा लंबे समय से लंबित राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है वैसे दुकानदारों के प्रति नोटिस जारी करते हुए राशि का वसूली करने का निर्देश दिया। नोटिस जारी करने के पश्चात भी लंबित राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो ससमय दुकान खाली कराने का निर्देश दिया। साथ ही बस स्टैंड एवं टैक्सी स्टैंड की वसूली विभागीय द्वारा किया जा रहा है उसे ससमय निविदा निकलते हुए संवेदक के माध्यम से करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने डेली मार्केट एवं साप्ताहिक बाजार से नियम के अनुरूप राशि की वसूली करने का निर्देश दिया। मौके पर नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रनयर खलखो, सिटी मैनेजर सहित नगर परिषद् के कर्मी गण उपस्थित रहे।



# अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 23 जून को सिमडेगा में होगी कई खेलों की प्रतियोगिता

### हॉकी, कुश्ती, एथलेटिक्स, फुटबॉल, बैडमिंटन, ताइक्वांडो, वुशु और वॉलीबॉल स्पर्द्धाएं होंगी

**जिला खेल पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक, हॉकी सहित कई खेल संघ के पदाधिकारी हुए उपस्थित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** समाहरणालय स्थित जिला खेल कूद के कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 23 जून 2023 के कार्यक्रम से संबधित विषय के जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में सिमडेगा जिला के विभिन्न खेल संघों की बैठक आयोजित हुई। जिसमे हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, जिला कुश्ती संघ के कमलेश्वर मांझी, जिला एथलेटिक्स संघ के वेद प्रकाश भोगता, जिला टाइकांडो संघ के जवाहर चौधरी, जिला बैडमिंटन संघ के तौकीर उस्मानी, सहित बुसु, बॉलीबॉल इत्यादि संघ के प्दाधकारी उपस्थित हुए, जिसके अंतर्गत साकुहिक रूप से निर्णय लिया गया कि 23 जून 2024 को खेल कूद विभाग के सहयोग से जिला में सभी संघ खेल का आयोजन करेंगे। प्रतियोगिता में सामिल सभी प्रतिभागियों को खेल प्रमाण पत्र तथा प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टीमों को ट्रॉफी तथा व्यक्तिगत स्पर्धा वाले टीमों को मेडल देकर सममनित किया जायेगा। हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में सिमडेगा जिला स्तरीय महिला पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2024 कुश्ती= हॉकी स्टेडियम के सामने स्थित यात्री शेड में= सिमडेगा जिला स्तरीय सब जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता 2024 फुटबॉल= एसएस+2 उच्च विद्यालय स्थित फुटबॉल मैदान में एथलेटिक्स= सिमडेगा बाजार के बगल स्थित एथलेटिक्स स्टेडियम बैडमिंटन, बुसू और ताइकांडो इंडोर स्टेडियम ने किया जायेगा।

सभी खेलो का पुरुस्कार वितरण सामूहिक रूप 23 जून 2024 को संध्या 5.30 बजे एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में किया जायेगा।

जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने सभी खेल संघों से कहा कि सभी कोई विशेष रूप से प्रचार प्रसार कर अच्छा से आयोजन कराये। जिला खेल कूद विभाग सभी तरह का सहयोग करेगा, तथा खेल विभाग और खेल संघ सामुहिक रूप मिलकर जिला के सभी खेलो के खिलाड़ियों को अवसर और मार्गदर्शन दे कि आने वाले 2036 के ओलंपिक में भारत हर खेल में पदक जीत सके।



# राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कमेटी के सम्मानित अध्यक्ष चैतु उरॉव की अध्यक्षता में आदरणीय राहुल गांधी जी का जन्मदिन वृद्धा आश्रम सीलम में मनाया गया। असहाय और वृद्ध जनों के साथ सामूहिक रूप से केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मिठाई, केक, बांटकर जन्मदिन मनाया। मौके पर चैतु उरॉव ने कहा कि आज हम सभी राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के मूल्यों को प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता और लाखों अनसुनी आवाजों के लिए आपकी करुणा, ऐसे गुण हैं जो आपको सबसे अलग बनाते हैं। इनके साथ मोहब्बत का पैगाम और न्याय का संदेश न्याय योद्धा राहुल के साथ है। समस्त देश जिसने विशाल हिंदुस्तान के हर कोने को हिंदुस्तानियों के साथ मिलकर स्पर्श किया, जिसने गरीब, मजदूर, युवा, नारी, श्रमिक सभी के न्याय का संदेश दिया। जिन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर और पूर्वोत्तर से महाराष्ट्र तक न्याय व सद्भावना की यात्रा के अथक पथिक, सत्यमेव जयते के सिद्धांत को लेकर हर अन्याय के विरुद्ध लड़ने वाले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष व लोकप्रिय सांसद राहुल गांधी जी को जन्मदिन हम सभी मना रहे है। आपके सशक्त नेतृत्व ने संपूर्ण राष्ट्र में न्याय, संविधान व लोकतंत्र संरक्षण की मुहिम को नया आयाम प्रदान किया है, इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण विशेष रूप से उपस्थित थें। महासचिव खालिद शाह, कामगार जिलाध्यक्ष मुख्तार आलम, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष हिंदू भगत, विधि के अध्यक्ष अरुण कुमार, यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष निशा भगत, महिला जिलाध्यक्ष अमृता भगत, जिला यूथ कांग्रेस की उपाध्यक्ष अंजलि, नवादा सचिन, देव साहू, लाल कल्लू, इबरार आलम, इनायत शाह,जिला सचिव इमरान खान, बुद्धिजीवी मंच के जिला अध्यक्ष खुदी भगत दुखी उपस्थित थे।

# गुमला शहरी क्षेत्र में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद गुमला द्वारा शहरी क्षेत्र अंतर्गत पालकोट गुमला में बृहत पैमाने पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी प्रशासक दिलीप कुमार द्वारा दी गयी। जानकारी अनुसार आज के अतिक्रमण अभियान की शुरूआत नगर परिषद् क्षेत्र में स्थित पुग्गू पुल के पास से की गयी और अंत नगर परिषद कार्यालय के पास किया गया। अतिक्रमण के क्रम में कई दुकानदारों से जुमार्ना स्वरुप भारी राशि की वसूली की गयी। कुछेक दुकानदारों के द्वारा जुमार्ना की राशि देने से इनकार किया गया जिस पर नगर परिषद की टीम द्वारा कड़ी रुख अपनाते हुए उनके सामानों को जब्त कर लिया गया। उन्होंने जानकारी दी की पालकोट रोड स्तिथ आदित्य विजन नामक प्रतिष्ठान से ट्रेड लाइसेंस की मांग करने पर उनके द्वारा बतलाया गया की वे बिना ट्रेड लाइसेंस के दूकान संचालित कर रहें है। जिस पर नगर परिषद के द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया और कड़ा रुख अपनाते हुए जुमार्ना स्वरूप 5000 की राशि अधिरोपित करते हुए जुमार्ना की राशि तत्काल देने हेतु दुकान के प्रबंधक को निर्देशित किया गया। प्रबंधक के द्वारा आनाकानी करते हुए उक्त राशि नहीं देने की बात की गयी। इस पर बाध्य होकर नगर परिषद की टीम के द्वारा उक्त दुकान को सील करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जाने लगी। जिसके तुरंत बाद प्रतिष्ठान के प्रबंधक के द्वारा 5000 की दंड शुल्क राशि नगर परिषद की टीम को दी गई। इसी तरह सड़क के किनारे अनावश्यक रूप से डंप किया गया भवन निर्माण सामग्री के कई मालिकों से जुमार्ना स्वरूप मोटी राशि की वसूली की गयी। अतिक्रमण के क्रम में प्राय: देखा गया कि काफी लोगों के द्वारा नालियों पर अपना ठोस निर्माण किया गया है साथ ही कई दुकानदारो के द्वारा अपने दुकान का ठोस सामग्री कई दिनों तक बाहर रखा गया है। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका सदैव बनी रहती है। ऐसे में संबंधित व्यक्ति को अपना निर्माण सामग्री एवम दुकान के ठोस सामग्रियों को दो दिनों के अंदर क्रमश तोड़ने और हटाने हेतु प्रशासक दिलीप कुमार के द्वारा निर्देशित करते हुए सख़्त चेतावनी दी गयी है कि दो दिनों के अंदर यदि अवैध निर्माण और सामग्री को लोगों के द्वारा नहीं हटाया जाता है तो नगर परिषद वैसे निमार्णों को स्वयं तोड़ देगी एवं दुकान के बाहर रखी गई सभी प्रकार के सामग्रियों को जब्त कर लेगी। यह बता दे की पूरे अतिक्रमण के क्रम में जुमार्ना स्वरूप 26,700 राशि की वसूली की गयी। प्रशासक के द्वारा लोगों को पूर्व में कई बार विभिन्न माध्यमों से लोगों को अतिक्रमण नहीं करने, अपने दुकान का सामान अपने दुकान तक ही सीमित रखने, अपने दुकान में काम से कम एक डस्टबिन रखने हेतु सूचित किया गया है बावजूद इसके लोगों के द्वारा बार-बार इस तरह का कृत्य की जा रही है। प्रशासक दिलीप कुमार के द्वारा पुन: आम नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि शहर के लोग अपने दुकान में कम से कम एक डस्टबिन जरूर रखें अपने प्रतिष्ठान का ट्रेड लाईसेंस आवश्यक रूप से ले ले। साथ ही अपने दुकान के सामान को अपने प्रतिष्ठान तक ही सीमित रखें एवं अवैध निर्माण करते हुए दुकान के बाहर नालियों पर अतिक्रमण न करें।

# सड़क दुर्घटना में मृत बीएसएफ जवान रवि उरांव का पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में मृत हुए बीएसएफ जवान रवि उरांव का पार्थिव शरीर बुधवार को दिन के दो बजे पैतृक गांव हपामुनी पहुंचा। जहां गांव का माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया। रवि उरांव के पार्थिव शरीर को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। मिली जानकारी के अनुसार मृत बीएसएफ जवान रवि उरांव बीएसएफ 173 बटालियन राजस्थान में पोस्टेड था। 4 दिन पहले वह अपने गांव लौटा था वर्तमान में वह घाघरा मुख्यालय में घर बना कर रहता था। मंगलवार की शाम अपनी सास को अपने चार चक्के वाहन से गुमला छोड़ने गया था। वही देर रात सास को छोड़ने के बाद करीब 11 बजे रात को गुमला से घाघरा अपने घर अकेले चार चक्के वाहन से लौट रहा था, इसी क्रम में गुमला नवाडीह के समीप अनियंत्रित होकर एक घर में जाकर टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटी बच्ची को छोड़ गये। ग्रामीणों ने बताया कि रवि उरांव बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। मेल मिलाप के साथ सभी के साथ रहते थे।

# जिले में संचालित चिटफंड कंपनियों की हो जांच : रमेश

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला में लोन देने और नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के मामले बढ़ते जा रहे है। इसमें अशिक्षित व भोले-भाले ग्रामीण फंसकर अपनी जमा पूंजी गंवा रहे है। साथ ही कर्ज में डूब रहे है। इसपर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने प्रतिक्रिया दी है और चिंता जतायी है कि जिला प्रशासन की मौजूदगी में ऐसी दर्जनों चिटफंड कंपनियां संचालित हो रही है और किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसका परिणाम है कि कंपनियां लाखो-करोड़ों की ठगी कर रही है और ग्रामीणों का पैसा बर्बाद हो रहा है। मामला थाना तक पहुंचने के बावजूद कोई निष्कर्ष नहीं निकल रहा है। उन्होंने जितने भी प्राइवेट कंपनियां है, जो लोगों को लोन दे रहे हैं तथा पैसा जमा कर रहे हैं। उनका रजिस्ट्रेशन की जांच करने की मांग की है। ताकि गरीब जानते का कमाई को कोई गलत तरीके से न हड़प सके। कहा है कि उपायुक्त स्वत: संज्ञान लेकर कंपनियों की जांच कराएं और जो मामले थाने में दर्ज है। उनके अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश जारी करें।

# कल्पना सोरेन के आगमन से चढ़ा हुसैनाबाद का राजनीतिक पारा

## 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद में बड़ा राजनीतिक फेरबदल होने का संकेत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह के नेतृत्व में आयोजित झामुमो का मिलन समारोह हुसैनाबाद में ऐतिहासिक रहा। गांडेय विधानसभा क्षेत्र की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के हुसैनाबाद टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम के बाद से क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी काफी बढ़ गयी है, क्योंकि झारखंड की राजनीति में भी हुसैनाबाद की अच्छी खासी पैठ मानी जाती है।


कार्यक्रम को संबोधित करती विधायक कल्पना सोरेन, साथ में आलोक सिंह।

इसमें दो राजनीतिक दल के प्रदेश अध्यक्ष हुसैनाबाद से ही आते हैं। यहां की जनता भी राजनीतिक तौर पर काफी जागरूक मानी जाती है। कार्यक्रम के बाद 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद में बड़ा राजनीतिक फेरबदल होने का संकेत है। झामुमो के मिलन समारोह में कल्पना मुर्मू सोरेन का आना राजनीतिक गलियारे में चर्चा का विषय बना हुआ है। पलामू जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह के झामुमो में शामिल होने के बाद से हुसैनाबाद में राजनीतिक पारा काफी चढ़ा हुआ है। राजद के प्रदेश महासचिव जाकिर अली उर्फ राज अली का अपने समर्थकों के साथ झामुमो की सदस्यता ग्रहण करना राजद के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। झामुमो की सदस्यता ग्रहण करने वाले कई दल के प्रमुख लोगों ने आलोक को जिताने के लिए कमर कस ली है। वहीं विभिन्न दलों से चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले राजपूत उम्मीदवारों के लिए भी प्रतिस्पर्धा काफी बढ़ गयी है। पहली बार जिला परिषद का चुनाव लड़ कर जीत के बाद पलामू जिप उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित होने के बाद से आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह हुसैनाबाद और पलामू में राजनीतिक रूप से काफी सक्रिय हैं। साथ ही हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं में उनकी अच्छी पकड़ होने की वजह उनका सभी जाति, समुदाय धर्म के लोगों से मित्रवत संबंध है। भीषण गर्मी में भी पांच घंटे इंतजार के बाद हुसैनाबाद में कल्पना सोरेन के मिलन समारोह में आने के बाद से हुसैनाबाद की राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में भूचाल ला दिया है।

# बैठक में अनुपस्थित कर्मियों का वेतन काटने का निर्देश



**हुसैनाबाद में बीडीसी की बैठक, लिए गये कई जरूरी निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को बीडीसी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने की। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा की गयी। साथ ही 15 वें वित्त आयोग की क्रमवार योजनाओं का चयन किया गया। इस दौरान प्रस्ताव पारित कर बीडीओ समेत कई विभागों की कर्मियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जाहिर की गयी। सर्वसम्मति से अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के रूप में उनका एक दिन का वेतन काटने की अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया। वहीं, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने अनुपस्थित कर्मियों व पदाधिकारियों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पदाधिकारियों व कर्मचारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सक्रिय रहने की जरूरत है। बैठक में अनुपस्थित रहना कार्यों के प्रति उदासीन रवैया को दर्शाता है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, रंजीत पासवान, मुखिया श्रवण राम, पंसस अजित सिंह, राजवंश यादव, रीता देवी, कलावती देवी, सोनापति देवी, अरविंद कुमार मेहता, रूबी देवी और सुमित्रा देवी आदि मौजूद थे।

## पलामू को नशामुक्त जिला बनाने के लिए रवाना किया गया जागरूकता रथ

# बेहतर समाज और राज्य के लिए नशा पर नियंत्रण जरूरी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू को नशामुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से डीसी शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय परिसर से मादक पदार्थ के रोकथाम को लेकर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ शहर से लेकर सुदूर गांव का भ्रमण कर लोगों को नशा से होने वाले विकृतियों के संबंध में अवगत करायेगा। इस अवसर पर डीसी ने बताया कि यह रथ जिले के सभी पंचायतों में


जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीसी शशि रंजन व अन्य।

जाकर लोगों को मादक पदार्थ का सेवन नहीं करने के संबंध में जागरूक करेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिले को नशामुक्त बनाने में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। प्रत्येक नागरिक को इसके प्रति अपनी सहभागिता निभाई होगी। उन्होंने जिले के सभी अभिभावकों से अपने बच्चों पर कड़ी नजर रखने की बात कही, ताकि वे गलत संगत में पड़कर नशे के आदि ना हो जायें। कहा कि बेहतर जिला, समाज और राज्य बनाने के लिए नशा पर नियंत्रण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण समाज में विभिन्न तरह के विकृतियों फैलती है। युवाओं में अपराध की प्रवृत्ति भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत जरूरी है कि हर तरह के नशे की प्रवृत्ति को रोका जाए। इसी कड़ी में इस दिन यह जागरूकता रथ को रवाना किया गया है। मौके पर डीडीसी रवि आंनद व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर डीसी की बैठक, अधिकारियों को दिये जरूरी निर्देश

**- शिवाजी मैदान में आयोजित होगा कार्यक्रम, पहले आओ-पहले पाओ के तर्ज पर 500 लोगों के बीच वितरित होगा टोपी व टी शर्ट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बुधवार को पलामू डीसी शशि रंजन ने बैठक की। उन्होंने शहर के शिवाजी मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजित करने का निर्देश दिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शिवाजी मैदान की साफ सफाई, बैठने की व्यवस्था, लाइट एंड साउंड, मंच और पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही एम्बुलेंस व फर्स्ट एड की व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने आयुर्वेद विभागाध्यक्ष को समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं पूरी करने को कहा। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः छह से सात बजे तक किया



जायेगा। इसके बाद न्यू टाउन हॉल में सभी लोगों को योग के ऊपर बनाये गये कुछ चुनिंदा वीडियो दिखाया जायेगा। डीसी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर 500 लोगों के बीच टोपी व टी शर्ट वितरित किया जाएगा। इसके साथ ही सभी विभागीय अधिकारी- कर्मचारी भी इस योग दिवस के अवसर पर अनिवार्यतः मौजूद रहे। जिला मुख्यालय के साथ ही ब्लॉक और सभी ग्राम पंचायतों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग का अभ्यास करवाने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया। बैठक में सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी बिनय कुमार श्रीवास्तव, एनडीसी विक्रम आनंद, सहायक नगर आयुक्त फैजुर अहमद आदि उपस्थित रहे। दूसरी ओर, डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें डीसी ने मुद्रा ऋण योजना, पीएमईजीपी, केसीसी, स्वयं सहायता समूह, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एपीवाई, पीएमजेडीवाई, ऋण प्रवाह सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान एलडीएम ने बताया कि पूरे पलामू जिले में मार्च तिमाही में केसीसी लोन 45232 लोगों के बीच 49892 लाख रुपया, पीएमईजीपी के तहत 118 लोगों के बीच 258.95 लाख रुपये सहित कई अन्य योजनाओं के तहत लोन दिया गया है। उन्होंने केसीसी के समीक्षा के क्रम में कृषि क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ बढ़ाने को कहा। गाय-बकरी सहित अन्य पशुपालन योजनाओं से जुड़े लाभुकों के साथ-साथ मत्स्य पालकों को केसीसी से लाभान्वित करने की बात कही। डीसी ने विभिन्न विकास कार्यों के लिये उपलब्ध कराए जा रहे ऋण में सुधार करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बैंकों से सीडी रेश्यो पर विशेष रूप से कार्य करने की बात कही। विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों व बैंक प्रतिनिधियों को सक्रिय होकर आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करने की बात कही। बैठक में एएसपी राकेश कुमार, डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा, एलडीएम, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

# सहायक अध्यापक संघ ने 4 प्रतिशत मानदेय वृद्धि को लेकर आरडीडीइ से की मुलाकात



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा सदस्य सह प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने क्षेत्रीय आरडीडीई दुगार्नंद झा से पलामू प्रमंडलीय कार्यालय में अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ मुलाकात की। गढवा, पलामू एवं लातेहार के सहायक अध्यापक जिला अध्यक्ष सूर्य देव तिवारी, अतुल कुमार एवं अर्जुन मेहता अपने जिला शिक्षा उपाधीक्षक से चार प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के लिए जनवरी महीने से ही प्रखंड को आदेश निर्गत करने का निवेदन कर रहे हैं, लेकिन छह महीना बीतने के बाद भी जिला से पत्र निर्गत नहीं हुआ है। विदित हो कि प्रति वर्ष जनवरी में ही चार प्रतिशत मानदेय वृद्धि करके मानदेय देना है। जिला कार्यालय के लापरवाही का परिणाम है कि नियमावली में पारित वृद्धि देने में भी देर किया जाता है। प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी ने दुर्गानंद झा से कहा कि यथाशीघ्र तीनों जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र निर्गत कर अंतर मानदेय के साथ जुलाई माह के साथ बढ़े हुए मानदेय के साथ भुगतान किया जाए। आरडीडीई ने कहा कि यह जिला की घोर लापरवाही है। पहले से वृद्धि का लाभ सहायक अध्यापकों को मिल रहा है उसमें विलंब करना गलत है। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल को कहा कि यह कार्यालय काम था। आपलोग को कार्यालय में आना पड़ा है यह खेद का विषय है। मैं तत्काल बात कर तीनों जिला में आदेश निर्गत करवा दे रहा हूं। प्रतिनिधि मंडल में जिला संगठन मंत्री जनेश्वर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष इमामुद्दीन अंसारी एवं रामाश्रय प्रसाद शामिल हुए।




## उंटारी रोड में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक, विस चुनाव पर चर्चा

# भाजपा में पुराने कार्यकर्ताओं को मिलेगा पूरा सम्मान : अलख नाथ

**पुराने कार्यकर्ताओं को पार्टी में पुनः सक्रिय करने की बनी रणनीति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** उंटारी प्रखंड के सीड़हा गांव स्थित जिला पार्षद सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य अरविंद सिंह के आवास पर बुधवार को भाजपा की बैठक हुई। जिसमें जिला व प्रदेश स्तर के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलख नाथ पाण्डेय और संचालन वेद प्रकाश शर्मा ने किया। बैठक में वरीय भाजपा नेता विभाकर नारायण पांडेय, पूर्व विस प्रत्याशी सीएस दूबे भी उपस्थित थे। सभी नेताओं ने पलामू लोकसभा सीट



पर जीत को ऐतिहासिक बताया। साथ ही जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं की जमकर सराहना की। लगे हाथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गयी। इस दौरान पार्टी के कई पुराने कार्यकर्ताओं ने अपनी उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि पिछले 10 साल से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर दिया गया है। इस पर वरीय नेताओं ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उन्हें पार्टी मे पूरा सम्मान मिलेगा। इस दौरान वंशवाद का भी मुद्दा उठा। कार्यकर्ताओं का कहना था कि भाजपा वंशवाद और परिवारवाद के हमेशा खिलाफ रही है। पार्टी को इसी नीति पर आगामी विस चुनाव में रणनीति तैयार करनी चाहिए, ताकि झारखंड में फिर से एक बार भाजपा बहुमत के साथ सरकार बना सके। निर्णय लिया गया कि पार्टी के पुराने कार्यकर्ता को मुहिम चलाकर फिर से सक्रिय किया जायेगा। इस मौके पर अरविंद सिंह, विनोद तिवारी, विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास, प्रेमानंद त्रिपाठी, बृजेंद्र पाठक, पप्पू सिंह, सीताराम आर्य, सुनील पाण्डेय, पुष्प रंजन मेहता, अखिलेश दीक्षित,बासुदेव मेहता, विजय कांत चौबे, रवीन्द्र उपाध्याय, पंकज कुमार लाल, राजेन्द्र विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### आजीविका सखी मंडल की महिलाओं ने नशा मुक्त समाज के निर्माण की ली शपथ



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** नशा पान जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध आजीविका सखी मंडल की महिलाएं अहम भूमिका निभा रही हैं। इस क्रम में बुधवार को पलामू जिले के हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के सभी पंचायतों में महिलाओं ने नशा मुक्त समाज निर्माण की शपथ ली। महिलाओं ने समाज में शराब सेवन व इसकी बिक्री नहीं होने देने की शपथ लेते हुए 'नशा मुक्त हो समाज हमारा' का नारा दिया। जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर मादक द्रव्यों के सेवन को कम करने और तस्करी को रोकने के उद्देश्य से बुधवार से 26 जून तक आजीविका दीदी ग्रामीण क्षेत्रों के टोले-मुहल्ले में जाकर लोगों को नशा के दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुए उन्हें जागरूक करेंगीं।

### नवगढ़ा से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर थाना अंतर्गत नवगाढ़ा ओपी क्षेत्र में मंगलवार की रात बालू लदा ट्रैक्टर एक जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर के प्रभारी सीओ को सूचना मिली कि जीएनटी लागू होने के बाद भी बालू माफिया कोयल नदी से बालू का अवैध उत्खनन और ढुलाई कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर सीओ मंगलवार की रात लालगढ़ की ओर औचक निरीक्षण करने पहुंच गये। इसी बीच एक बालू लदा ट्रैक्टर आते दिखाई दिया। जिसे उन्होंने जब्त कर नवगाढ़ा ओपी को सौंप दिया। ओपी प्रभारी अनिल कुमार आगे की कार्रवाई कर रहे हैं। जब्त ट्रैक्टर पूर्व जिप प्रत्यासी कलाम आजाद का बताया जा रहा है।

### क्विज प्रतियोगिता का आयोजन




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के तहत हुसैनाबाद राजकीय मध्य विद्यालय में वर्ग आठ के छात्र-छात्राओं के लिए बुधवार को विषयगत व सामान्य ज्ञान आधारित लिखित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अक्षय कुमार, शिवांश कुमार कश्यप व जूली कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, दीपक कुमार, अभिमन्यु कुमार द्वितीय व रवि किशन तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद व वरीय शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत होती है और उनमें आगे बढ़ने का हौसला मिलता है।

### रांची ओपन स्नूकर टूर्नामेंट गेमर्स गैरेज शुरू



**रांची (आजाद सिपाही)।** चौथा रांची ओपन स्नूकर टूर्नामेंट गेमर्स गैरेज, बरियातू में बुधवार से शुरू हुआ। पांच दिवसीय टूर्नामेंट 23 जून तक चलेगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन शिक्षाविद डॉ मोहम्मद जाकिर ने किया। इस बार के इवेंट मास्टर स्नूकर 15 रेड्स, मास्टर स्नूकर 6 रेड्स, मिनी स्नूकर 15 रेड्स, मिनी स्नूकर 6 रेड्स और 9 बॉल्स है।विजेताओं एवं उप विजेताओं को कैश, ट्रॉफी एवं क्लब का मेंबरशिप दिया जाएगा। इस अवसर पर यश किंगर, इंद्रजीत, नील, टीपू, इरफान, मोहित चौधरी, अंकित कुमार, विशाल (मेजर), सुमित, यश दास, आयुष राज, सुमित, आयुष, ऋग , एजाज, राहुल, सिद्धू, सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद थे।




VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## डालसा ने लिया संज्ञान, मृतक के आश्रितों को जल्द मुआवजा दिलाने का निर्देश

# बरवाअड्डा में ट्रक व कार की भीषण टक्कर, चार की मौत





सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे सांसद ढुल्लू महतो (बॉक्स में दुर्घटनाग्रस्त कार)। अस्पताल पहुंचकर घायल व मृतकों के परिजनों से मुलाकात करते विधायक राज सिन्हा।

**हादसे में सूचना पाकर सांसद ढुल्लू महतो भी पहुंचे, लिया संज्ञान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र स्थित बरवाड़ा में मंगलवार की रात 11.30 बजे कार और ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में चार लोगों की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान रांगाटांड़ के चूड़ी कारोबारी राहुल गुप्ता, संकेत कुमार वर्मा, विशाल पासवान और आनंद कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक चूड़ी कारोबारी राहुल गुप्ता अपनी दुकान बंद कर अपने चार कर्मचारियों संकेत, विशाल, अमन गुप्त और आनंद के साथ कार में सवार होकर बरवाड़ा किसान चौक की ओर जा रहे थे। तभी उनके वाहन की टक्कर एक ट्रक से हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार राहुल गुप्ता, संकेत कुमार वर्मा, विशाल पासवान और आनंद कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अमन कुमार गुप्ता नामक एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसका इलाज शहर के अशर्फी अस्पताल में चल रहा है। दूसरी ओर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बरवाड़ा में हुए सड़क दुर्घटना में संज्ञान लेते हुए हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजा दिलाने और इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने का निर्देश बुधवार को बरवाअड्डा थानेदार व धनबाद डीटीओ को दिया है। न्यायाधीश के निर्देश पर पारालिगल वालंटियर अनामिका सिंह बुधवार को एसएनएमसीएच पहुंची और मृतक के परिजनों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले सभी सुविधाओं की जानकारी दी। न्यायाधीश ने बरवाअड्डा थानेदार व डीटीओ को निर्देश दिया कि मोटरयान दुर्घटना दावा अधिनियम के तहत मिलने वाली मुआवजा राशि से संबंधित सभी कार्रवाई अविलंब पूरी कर ट्रिब्यूनल को भेजे, ताकि परिजनों को जल्द से जल्द मुआवजा राशि का भुगतान कराया जा सके।

दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर भाजपा विधायक राज सिन्हा सरायढेला स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचे और गंभीर रूप से घायल युवक के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। वहीं, दिवंगत राहुल गुप्ता और अन्य के परिजनों से मुलाकात कर दुःख प्रकट करते हुए ढांढस बंधाया। विधायक राज सिन्हा ने उन्हें हर संभव सहायता करने की बात कही।

# विस चुनाव की तैयारियों में जुट जायें: सुदेश महतो



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो बाघमारा, टुंडी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित आभार यात्रा में शामिल होने के लिए जाने के क्रम में बुधवार को चास के जोधाडीह मोड़ में पार्टी के बोकारो जिला अध्यक्ष सचिन महतो के नेतवृत में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुदेश महतो ने सभी कार्यकर्ताओं को अभी से ही विधानसभा (विस) चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का निर्देश दिया। वहीं, जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि 22 जून को आहूत बलिदान दिवस सह स्थापना दिवस बोकारो के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मनाया जाएगा। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनिल झा, जिला सचिव बंकू बिहारी सिंह, अहमद सौदागर, चास नगर अध्यक्ष अभय शर्मा, महासचिव वीरेंद्र हरि, सचिव मोहित सिंह, राजेश बोराल, पप्पू सिंह, प्रियंका कुमारी, करमी देवी, कुंती देवी, सरजू महतो, मुन्ना ओझा, नवीन सिंह आदि थे।


**Jharkhand Education Project Council**

JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004

Phone : 0651-2444501, 2444502, Fax – 2444506,

e-mail: jepcranchi1@gmail.com

Ref. No.: QU/40/27/2024/2063 Date: 15/06/2024

**Short Term Notice**
**Expression of Interest**
**Corrigendum 1**

With reference to RFP No. **QU/40/27/2024/1966** Dated: 11.06.2024, RFP Document and Corrigendum can be seen at https://jepc.jharkhand.gov.in/.

**PR No. 326065 (Jharkhand Education Project Council) 24-25 (D)** Sd/-
(Aditya Ranjan) State Project Director

PR 326878 Jharkhand Education Project Council(24-25)D



**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(विकास शाखा)**

**-: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

हजारीबाग जिले के बरही एवं पदमा प्रखण्ड के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र/छात्राओं के ज्ञानोपार्जन, प्रतिभा का विकास एवं विद्यार्थियों का मौलिक विकास हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशकों/ आपूर्तिकर्त्ताओं/ पुस्तक विक्रेताओं से ज्ञानोपयोगी पुस्तकों के क्रय/ आपूर्ति हेतु निम्न प्रकार मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र0 | निविदा का प्रकार | विद्यालयों की संख्या | पुस्तकों की संख्या | प्राक्कलित राशि | प्रतिभूति राशि (@1% of Estimated Cost) | निविदा प्राप्त करने का अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने का तिथि एवं समय | Procurement Procedure |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बरही एवं पदमा प्रखण्ड अन्तर्गत सरकारी विद्यालयों में पुस्तकालय हेतु पुस्तकों का क्रय। | 55 | 111 (दो सेट में) कुल 222 पुस्तक प्रति विद्यालय | 5500000.00 (प्रति विद्यालय 100000.00) | 55000.00 | 08 July, 2024 till 11:00 AM | 08 July, 2024 at 04:00 PM | Single Stage Two Envelope Basis |

पुस्तकों की सूची एवं विशेष जानकारी हेतु वेबसाईट www.hazaribag.nic.in एवं कार्यालय सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त,
हजारीबाग

PR 326877 District(24-25).D


# फुसरो गोलीकांड में प्रिंस खान गिरोह के 5 गुर्गे गिरफ्तार

## प्रिंस खान को भारत लाने की प्रक्रिया चल रही है : डीआइजी

**पुलिस की एसआइटी और एटीएस ने किया उद्भेदन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**फुसरो/बेरमो/बोकारो।** बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो बाजार में 17 जून को मोती अलंकार ज्वेलर्स और 12 जून को ज्ञान ज्वेलर्स में हुए गोलीकांड में पुलिस और एटीएस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़ गए लोग प्रिंस खान गिरोह के मेजर के नाम से व्हाट्सएप कॉल और मैसेज भेज कर रंगदारी मांगने और नहीं देने पर दुकान में गोलियां चलाकर दहशत फैलाते थे। कोयला क्षेत्र के डीआइजी सुरेंद्र झा ने इस बाबत बुधवार को बोकारो में संवाददाता सम्मेलन कर पांच लोगों के गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि की। पकड़े गए आरोपितों की पहचान बिट्टू सोनार (30), गोलू कुमार सिंह (21), छोटू कुमार सिंह (25), अरविंद सोनार (26) और रितुराज कुमार उर्फ बाबू (25) के रुप में हुई है। पुलिस ने तीनों को धनबाद, बोकारो और गिरिडीह जिले में लगातार छापामारी के बाद सभी को दबोचा है। गोलीबारी में शामिल बिट्टू सोनार को बेरमो थाना क्षेत्र से पकड़ा पाया। जबकि गोलु कुमार सिंह, छोटु कुमार सिंह, अरविन्द सोनार, रितुराज कुमार उर्फ बाबू को धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। डीआइजी ने बताया कि बिट्टू धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के नावागढ़ स्थित सोनार टोला का र हने वाला है। जबकि गोलू और छोटू बिहार के नालंदा जिले के परवलपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर के रहने वाले हैं। दोनों रिश्ते में चचेरे भाई हैं। जबकि अरविंद और बाबू धनबाद के ही मधुबन और सोनारडीह थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। बताया जा रहा कि धनबाद-बोकारो में प्रिंस खान गिरोह का संचालन बिट्टू सोनार करता था। पकड़े गये आरोपितों के पास से पिस्टल, गोली, बाइक एवं मोबाइल फोन बरामद किया गया है। डीआईजी सुरेंद्र झा ने कहा कि प्रिंस खान विदेश में है। बिट्टू सोनार प्रिंस खान के धनबाद में नहीं रहने पर पैसा, हथियार, अपराधियों को जोड़ने का काम करता है। 12 और 17 जून को फुसरो के दो ज्वेलरी दुकानों में गोलीबारी की थी। डीआईजी ने बताया कि शांतिप्रिया इलाके में प्रिंस खान अपने अहम सहयोगी बिट्टू सोनार के साथ मिलकर खौफ का माहौल बनाना चाहता था। उन्होंने बताया कि बिट्टू सोनार वर्तमान में धनबाद और बोकारो में प्रिंस खान गिरोह का मुख्य कड़ी है जो प्रिंस खान के विदेश भागे जाने के बाद हुआ। वह यहां अपराधियों से संपर्क स्थापित करता था। उसके बाद उन्हें हथियार और पैसे उपलब्ध कराता था। घटना के बाद उन्हें दूसरे जगह भेज देता था। उन्होंने बताया कि बिट्टू सोनार मेजर नहीं है। जब प्रिंस खान और मेजर को एक साथ सामने लाया जाएगा तो इसकी जानकारी सभी को हो जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रिंस खान फिलहाल विदेश में रहकर गैंग को संचालित कर रहा है। कागजी कार्रवाई आगे बढ़ चुकी है। जल्द ही दो देशों के बीच वार्ता होने के बाद प्रिंस खान को भारत लाया जायेगा।

## कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : डीसी

**धनबाद (आजाद सिपाही)। मंडल कारा की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी माधवी मिश्रा ने की। इस दौरान डीसी ने कारा सुरक्षा, कारा में कैदियों- बंदियों के लिए मूलभूत सुविधाएं, कैदियों-बंदियों के परिजनों से मुलाकाती, कैदियों एवं सुरक्षा बलों की संख्या, स्वास्थ्य सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरा, बिजली, पानी, समुचित प्रकाश की व्यवस्था, वाच टावर, जैमर, टेलीफोन बूथ, वाकी टॉकी की कार्यशीलता, सायरन आदि आवश्यक बिंदुओं पर समीक्षा की। उन्होंने कारा की सुरक्षा सहित भोजन, पानी, शौचालय एवं साफ-सफाई के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कारा में कैदियों-बंदियों को जेल मैनुअल के अनुसार स्वच्छ, गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराए का निर्देश दिया। कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।**

## मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर जागरूकता रथ रवाना

# किशोर-युवाओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना प्राथमिकता : डीसी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर धनबाद जिले में मादक पदार्थों के प्रति बुधवार से जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जो 26 जून तक चलेगा। इसके सफलतापूर्वक आयोजन के लिए समाहरणालय सभागार में डीसी की अध्यक्षता में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। डीसी ने कहा कि प्रतिबंधित मादक पदार्थों के दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों व इस्तेमाल करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कारवाई के साथ ही समाज विशेषकर किशोर और युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में पत्रकार बंधुओं की भूमिका भी अहम है। उन्होंने कहा



कि मीडिया के माध्यम से मादक पदार्थों के रोकथाम का संदेश लोगों तक पहुंचाना भी हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेंसियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित करने की आवश्यकता है। जिसके लिए जिला प्रशासन सहित समाज कल्याण, जनसम्पर्क कार्यालय जेएसएलपीएस की महिला संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं समेत अन्य विभागों को अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी जिले वासियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। खासकर बच्चों के अभिभावक एवं शिक्षक इसकी महत्वपूर्ण भूमिका में रहते हैं। इसलिए आवश्यक है कि सभी अभिभावक अपने-अपने बच्चों पर अवश्य नजर रखें कि वह किसी भी गलत संगत में ना पड़े। जो भी बच्चे नशे का आदि हैं उन्हें इन सभी चीजों से बाहर निकलना भी हमारी प्राथमिकता है। ग्राम स्तर पर चौपाल आयोजित करने, जिला व प्रखंड स्तर पर कार्यशाला, बाजार-हाट आदि में नुक्कड़ नाटक, विद्यालय स्तर पर क्विज व निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, साइकिल रैली, शपथ पाठ आदि गतिविधियां संचालित की जाएगी। डीसी ने मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को भी रवाना किया, जो जिले के सभी प्रखंडों में भ्रमण कर लोगों को मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूक करेगा।


**प्रपत्र VI समाहर्त्ता या समुचित सरकार**
**प्रारंभिक अधिसूचना**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)**

चुँक समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना ईचाक करियातपुर से झुमरा पथ का चौडीकरण एवं मबजुतीकरण का कार्य ग्राम–कनौदी, थाना–दारु, थाना सं0–116, अंचल–दारु, जिला–हजारीबाग में कुल 0.0901 एकड़ यानि 0.36463 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

परियोजना लोक हित में होने के कारण अतिमहत्वपूर्ण है अर्जनाधीन भूमि निम्नतम् है आवागमण की सुगम्यता तथा अनुयोजकता बढेंगी, बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा, बाजार में विपणन की संभावना, आधार भूत संरचना एवं कानून एवं व्यवस्था की स्थिति सुदृढ होगा। भू–अर्जन के कारण विस्थापित परिवारों की सं0 शून्य है। इस बाध्यकारी विस्थापन का कारण नीचे दिया गया है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनवर्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी को प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है ग्राम–कनौदी, थाना–दारु, थाना सं0–116, अंचल–दारु, जिला–हजारीबाग में उपर्युक्त कथित परियोजना के कमोवेश 0.0901 एकड़ यानि 0.36463 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है, जो निम्नवत है:–

| क0 सं0 | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन किया जाने वाला क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | | 436 | निजी | धान–III | 0.007 | प्लॉट सं0 436 का रैयत | सिमाना जमुआरी | विसुवा देवी | रास्ता | निज |
| 2 | 27 | 439/1 | निजी | धान–III | 0.017 | विषुवा देवी पति रामेश्वर महतो नि0 निज ग्राम | प्लॉट नं0 436 | मोधन महतो | रास्ता | निज |
| 3 | 27 | 439/2 | निजी | धान–III | 0.035 | जोधन महतो पिता भुईया महतो नि0 निज ग्राम | विसुवा देवी | राज किशोर | रास्ता | निज |
| 4 | 29 | 440 | निजी | धान–III | 0.04 | राज किशोर मेहता वो राकेश कुमार मेहता पिता स्व0 तालेश्वर प्रसाद मेहता नि0 निज ग्राम | जोधन महतो | विसुवा देवी | रास्ता | निज |
| 5 | 27 | 441 | निजी | धान–III | 0.02 | विषुवा देवी पति रामेश्वर महतो नि0 निज ग्राम | राज किशोर मेहता | सोमु महतो | रास्ता | निज |
| 6 | 53 | 443/1 | निजी | धान–III | 0.135 | सामु महतो पिता स्व0 महावरी महतो वो जितेन्द्र मेहता वो वकिल मेहता पिता स्व0 विहारी महतो नि0 निज ग्राम | विसुवा देवी | भेखला महतो | रास्ता | निज |
| 7 | 53 | 443/2 | निजी | धान–III | 0.01 | भेखला महतो वो दर्शन महतो पिता पोखन महतो नि0 निज ग्राम | सोमु महतो | प्यासु महतो | रास्ता | निज |
| 8 | 53 | 443/3 | निजी | धान–III | 0.01 | प्यास महतो पिता रेवा महतो नि0 निज ग्राम | भेखला महतो | सीताराम महतो | रास्ता | निज |
| 9 | 53 | 443/4 | निजी | धान–III | 0.01 | सीताराम महतो पिता रेवा महतो नि0 निज ग्राम | प्यासु महतो | लालधारी महतो | रास्ता | निज |
| 10 | 53 | 443/5 | निजी | धान–III | 0.01 | लालधारी महतो पिता रवा महतो नि0 निज ग्राम | सीताराम महतो | मो0 पुनती | रास्ता | निज |
| 11 | 53 | 443/6 | निजी | धान–III | 0.011 | मो0 पुनति पति स्व0 लालजी महतो नि0 निज ग्राम | लालधारी महतो | खेमलाल महतो | रास्ता | निज |
| 12 | 53 | 443/7 | निजी | धान–III | 0.011 | खेमलाल महतो पिता बुलाकी महतो नि0 निज ग्राम | मो0 पुन्ती | रघु महतो | रास्ता | निज |
| 13 | 53 | 443/8 | निजी | धान–III | 0.011 | रघु महतो, बुलाकी महतो नि0 निज ग्राम | खेमलाल महतो | सुदन महतो | रास्ता | निज |
| 14 | 53 | 443/9 | निजी | धान–III | 0.014 | सुदन महतो पिता स्व0 टुकन महतो नि0 निज ग्राम | रघु महतो | सुदन महतो | रास्ता | निज |
| 15 | 39 | 445 | निजी | धान–III | 0.013 | सुदन महतो वो पचकौडी महतो पिता स्व0 टुकन महतो नि0 निज ग्राम | निज | बिहारी महतो | रास्ता | निज |
| 16 | 10 | 446 | निजी | धान–III | 0.021 | बिहारी महतो पिता स्व0 जानकी महतो वो खेमलाल महता पिता पोखन महतो नि0 निज ग्राम | सुदन महतो | प्लॉट नं0 552 | रास्ता | निज |
| 17 | 39 | 452 | निजी | धान–III | 0.022 | प्लौट सं0 452 का रैयत | बिहारी महतो | लालो महाते | रास्ता | निज |
| 18 | 67 | 456/1 | निजी | धान–III | 0.0100 | शिवलाल मेहता वगै0 पिता लालो महतो नि0 निज ग्राम | प्लॉट नं0 552 | निज | रास्ता | निज |
| 19 | 67 | 456/2 | निजी | धान–III | 0.0250 | लालो महतो पिता स्व0 फुलचन्द महतो नि0 निज ग्राम | निज | किशोरी यादव | रास्ता | निज |
| 20 | 36 | 457/1 | निजी | धान–III | 0.01 | किशोरी यादव पिता रामधनी गोप नि0 निज ग्राम | लालो महतो | द्वारीका महतो | रास्ता | निज |
| 21 | 36 | 457/2 | निजी | धान–III | 0.01 | द्वारिका यादव पिता रामधनी गोप नि0 निज ग्राम | किशोरी यादव | कैलास यादव | रास्ता | निज |
| 22 | 36 | 457/3 | निजी | धान–III | 0.01 | कैलाश यादव पिता रामधनी गोप नि0 निज ग्राम | द्वारिका यादव | सुदन महतो | रास्ता | निज |
| 23 | 28 | 481 | निजी | धान–III | 0.045 | सुदन महतो वो पचकौडी महतो पिता स्व0 टुकन महतो नि0 निज ग्राम | कैलास यादव | प्लॉट नं0 483 | रास्ता | निज |
| 24 | 5 | 483 | निजी | धान–III | 0.002 | प्लाूट सं0 483 का रैयत | सुदन महतो | गाजो महतो | रास्ता | निज |
| 25 | 7 | 484 | निजी | धान–III | 0.033 | गाजो महतो पिता झलु महतो नि0 निज ग्राम | प्लॉट नं0 483 | बिहारी महतो | रास्ता | निज |
| 26 | 6 | 485 | निजी | धान–III | 0.019 | विहारी महाते पिता स्व0 जानकी महता वो खेमलाल महतो पिता पोखन महतो नि0 निज ग्राम | गाजो महतो | मनकी रविदास | रास्ता | निज |
| 27 | 2 | 490/1 | निजी | धान–III | 0.059 | मानकी रविदास, जलेश्वर सिंह वगै0 | बिहारी महतो | शत्रुधन महतो | रास्ता | निज |
| 28 | 2 | 490/2 | निजी | धान–III | 0.009 | सुकरी देवी पति बबुली महतो जाति सोकियार नि0 निज ग्राम | मानकी रविदास | पोहवा देवी | रास्ता | निज |
| 29 | 2 | 490/3 | निजी | धान–III | 0.009 | पोहवा देवी पति बिनु महतो जाति सोकियार नि0 निज ग्राम | सुकरी देवी | ऐतवरीया देवी | रास्ता | निज |
| 30 | 2 | 490/4 | निजी | धान–III | 0.009 | ऐतवरीया देवी पति नारायण महतो जाति सोकियार नि0 निज ग्राम | पोहवा देवी | बलीया देवी | रास्ता | निज |
| 31 | 2 | 490/5 | निजी | धान–III | 0.009 | बलीया देवी पति लालो महतो जाति सोकियार नि0 निज ग्राम | ऐलवरीया देवी | शिवलाल मेहता | रास्ता | निज |
| 32 | 2 | 490/6 | निजी | धान–III | 0.017 | शिवलाल मेहता वगै0 पति लालो महतो जाति सोकियार नि0 निज ग्राम | बलीया देवी | शत्रुधन महतो | रास्ता | निज |
| 33 | 16 | 492 | निजी | धान–III | 0.018 | शत्रुधन सिंह, गोवर्धन महतो नि0 निज ग्राम | मानकी रविदास | विशेश्वर सिंह | रास्ता | निज |
| 34 | 1 | 498/1 | निजी | धान–III | 0.08 | विशेषवर सिंह पिता दिनेश्वर सिंह नि0 निज ग्राम | शत्रुधन सिंह | केदारनाथ सिंह | रास्ता | निज |
| 35 | 1 | 498/2 | निजी | धान–III | 0.08 | केदारनाथ सिंह पिता मदुकधारी सिंह नि0 ग्राम | विशेश्वर सिंह | सदपाल सिंह | रास्ता | निज |
| 36 | 1 | 498/3 | निजी | धान–III | 0.05 | सदाफल सिंह पिता जागो सिंह नि0 निज ग्राम | केदारनाथ सिंह | सिमाना चोरहेत | रास्ता | निज |
| | | | | कुल | 0.901 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करेन सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धार 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 326869 Land Reforms(24-25)D


## तहसील में नहीं चलेगा पीसी कारोबार, सबूत मिले तो होगी कड़ी कार्रवाई : सुरेश पुजारी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मंत्री सुरेश पुजारी का भुवनेश्वर तहसील कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने कहा कि तहसील में नहीं चलेगा पीसी कारोबार, सबूत मिले तो होगी कड़ी कार्रवाई। राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा कि पीसी लेनदेन या भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियों सावधान रहें। राजस्व मंत्री ने भुवनेश्वर तहसील कार्यालय में आम लोगों, वकीलों और अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने जमीन, मकान, जाति आदि जैसे प्रमाणपत्रों के लिए आवेदन करने और प्राप्त करने की समय सीमा जल्द ही निर्धारित करने का वादा किया है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को ऐसी योजना बनाने की सलाह दी, जिससे आम लोगों को तहसील कार्यालय में परेशानी न हो और सेवाएं सुविधाजनक तरीके से मिल सकें। मंत्री ने कहा कि शिकायतों और व्यवस्थाओं से निपटने का कोई बेहतर तरीका हो तो सीधे मंत्री से मिलें।









# ओड़िशा के 31.62 लाख किसानों को मिले 632.48 करोड़ रुपये

आजाजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बरगड़ जिले का दौरा किया और प्रधानमंत्री किसान सम्मान समारोह में भाग लिया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत ओडिशा के 31.62 लाख किसानों को 632.48 करोड़ रुपये मिले। प्रत्येक किसान के बैंक खाते में 2000 रुपये जमा किये गये हैं। बनारस में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बरगड़ पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री हजारों लोगों की मौजूदगी में 'रोड शो' पर निकले और कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे. उन्होंने सड़क पर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी किसानों के सच्चे मित्र हैं। किसानों को सारी सहायता डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में जा रही है। प्रधानमंत्री की इस योजना ने किसानों के विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। उन्होंने कहा कि आज पीएमकिसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त में किसानों को 2-2 हजार रुपये मिले। ओड़िशा के 31 लाख 62 हजार किसानों को कुल 632 करोड़ 48 लाख रुपये मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता से किये गये हमारे सभी वादे पूरे किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी बजट में हम आम लोगों की राय को ध्यान में रखेंगे। इसके लिए जल्द ही एक वेबसाइट लॉन्च की जायेगी। आपकी राय के अनुरूप बजट तैयार किया जायेगा।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंहदेव, सांसद प्रदीप पुरोहित, बीजेपुर विधायक सनत गड़तिया, बरगड विधायक अश्विनी षड़ंगी, अताबिरा विधायक निहार महानंद और भटली विधायक इराशीश आचार्य और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 8 जुलाई को श्रीमंदिर के रत्न भंडार खोले जायेंगे, विशेष टीम गठित

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** श्रीमंदिर रत्न भंडार 8 जुलाई को खोला जायेगा। यानी रथ यात्रा के अगले दिन रत्न भंडार खुलेगा। रत्न भंडार की बाहरी दीवारों की लेजर स्कैनिंग की गयी है। लेजर स्कैनिंग में दरारें दिखा गया है। संभवत पानी का लीकेज हो सकता है। लेकिन जल्द ही मानसून की बारिश शुरू हो जायेगी, तो उस दरार के माध्यम से, पानी रत्न भंडार में प्रवेश कर सकता है। एएसआइ अधीक्षक डीबी गडनायक ने कहा कि इसके लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया गया। विशेष टीम रत्न भंडार की स्थिति का अनुध्यान और जांच करेगी। एएसआइ ने रत्न भंडार के अनुध्यान और जांच के लिए 14 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। 2018 की निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार रत्न भंडार के बाहर और अंदर जो भी समस्याएं हैं, उनकी मरम्मत की जायेगी और रत्न भंडार के अंदर के सोने आभूषणों की गिनती की जायेगी। हालांकि, यह बताया गया है कि एएसआइ की टीम श्रीमंदिर प्रशासन, पशायत समिति की उपस्थिति में 8 दिनों के भीतर काम पूरा करने की कोशिश करेगी।

## सीएमओ से पुराने अधिकारियों व कर्मचारियों को हटाया गया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य में नये मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद मोहन माझी ने विभिन्न विभागों की समीक्षा कर रहे हैं। राज्य अतिथि गृह से सरकार चला रहे मोहन की सरकार में मुख्यमंत्री कार्यालय में कार्यरत 22 ओएसएस अधिकारियों को हटा दिया गया है। एक उप सचिव, 6 अनुभाग अधिकारी, 15 सहायक अनुभाग अधिकारी हटाये गये हैं। इस संबंध में गृह विभाग की ओर से एक अधिसूचना प्रकाशित की गयी है। सूचना मिली है कि उनका तबादला उनके विभाग में कर दिया गया है। उधर, मुख्यमंत्री कार्यालय में 2 नये अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। सतीश चंद्र सामल को मुख्यमंत्री का अतिरिक्त निजी सचिव नियुक्त किया गया है, जबकि विनोद बिहारी सिंह को मुख्यमंत्री कार्यालय में नियुक्त किया गया है। ओएसएस कैडर के कई अधिकारी बदल गये हैं, तो कई पुराने अधिकारी सीएमओ में ही बने हुए हैं, तो क्या मुख्यमंत्री मोहन माझी उनके साथ काम करेंगे या उन्हें भी बदला जायेगा, इस पर से पर्दा नहीं उठा है।

## रथ यात्रा को लेकर श्रीमंदिर प्रबंधन समिति की बैठक

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पुरी गजपति महाराजा दिव्यसिंह देव की अध्यक्षता में श्रीमंदिर प्रबंधन समिति की बैठक हुई। नीलाद्रि भक्ति निवास परिसर में आयोजित बैठक में मुख्य प्रशासक, जिला कलेक्टर, एसपी सहित प्रबंधन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में श्रुखलित रथ यात्रा और स्नान पूर्णिमा की नीति सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गयी। 22 तारीख को स्नान पूर्णिमा को नीति का पालन कैसे करना है, इस पर श्रीमंदिर के सभी सेवकों और कर्मचारियों से चर्चा की गयी है। बैठक में इस बात पर भी चर्चा की गयी कि स्नान पूर्णिमा पर भक्त कैसे श्रीजीउ के अनुशासित दर्शन करेंगे।








# विधायक मंगल कालिन्दी द्वारा बिछाया गया सड़को का जाल



1. भूईयासिनान से भूला मोड़ होते हुए 22.4 कि.मी. तक पथ का निर्माण कार्य जारी है ।
2. पारडीह काली मंदिर से पटमदा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य ।
3. बेलटांड चौक से रघुनाथपुर तक पथ का मरम्मति एवं सुदृढ़ीकरण कार्य ।
4. पटमदा प्रखण्ड अन्तर्गत मूचीडीह से आमटांड, डांगडूंग, गोरडीह, बड़डीह, बहनीभुगा, बड़डीह मेन रोड भाया बेलडीह कदम टांड, बांकादा शेष सीमा तक लगभग 9.5 किलोमीटर पथ का सुदृढीकरण ।
5. जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत सालगाझुड़ी फाटक से चाँदनी चौक तक लगभग 1.2 किलोमीटर पथ का सुदृढीकरण ।
6. जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत हरिद्वार सिंह के घर से सोपोडेरा मैदान होते हुए सालगाझुड़ी केशव भवन तक लगभग 1.3 किलोमीटर पथ का सुदृढीकरण ।
7. जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत छोटा गोविन्दपुर ग्रामीण बैंक के पास से सामूटोला होते हुए खैरबनी रेलवे फाटक तक एवं खाकड़ीपाड़ा टोला से छोटा गोविन्दपुर RCD पथ तक लगभग 5.7 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य।
8. जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत दलदली टोला धातकीडीह से दलदली सातनाला पुलिया होते हुए कोड़िया नाला तक डोबलो टोला एवं अशोक महतो के घर से सुन्दर कनाली कृष्णा पदो रजवार के घर तक लगभग 5.1 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य।
9. जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत सालबोनी से मदनाबेड़ा तक लगभग 3.0 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य।
10. जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत गदड़ा से टुपुडांग (पीपल पेड़) तक लगभग 2.5 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य।
11. जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत जानेगोड़ा से लाटकूगोडा होते हुए नरवा मेन रोड तक लगभग 2.4 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य।
12. जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत दलदली मैदान से पश्चिम बंगाल सीमा तक लगभग 3.4 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य।
13. जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत N-H 33 नारगा से बराराडीह होते हुए नारगा नीचे टोला तक लगभग 2.2 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य ।
14. जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत तुरीयाबेड़ा स्कूल शिव मंदिर होते हुए N-H 33 तक लगभग 3.5 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य।
15. बोंडाम प्रखण्ड अन्तर्गत रिमडाडीह पथ से सोमाडीह कोडूरा, थोलकोडीह, पहड़िया टोला तक लगभग 9.0 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य ।
16. जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत गोविन्दपुर बाबा तिलका माझी चौक से गदड़ा, राहरगोड़ा, बारीगोड़ा, शंकरपुर, परसुडीह तक लगभग 9 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य।
17. जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मुखियाडांगा N-H 33 से नेताजी सुभाष विश्व विद्यालय, पोखारी एवं RVS COLLEGE तक लगभग 1.05 किलोमीटर पथ निर्माण कार्य ।

## निम्नलिखित पथों के निर्माण हेतु निविदा प्रक्रिया

- जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत बोड़डीह से हड़माडीह होते हुए माचाबेड़ा तक लगभग 6.3 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य।
- जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत लुकूई कनाली, इमली पेड़ से डोभा पानी स्कूल होते हुए काशीडीह दुलार चौक तक लगभग 5.3 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य।
- जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत सालबनी चौक से पलासबनी N-H 33 उरमाडीह (गुरमाडीह) होते हुए गोलकाटा तक लगभग 2.9 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य।
- जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत चाँदनी चौक से गोलकाटा तक लगभग 3.0 किलोमीटर पथ का निर्माण कार्य।
- जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत छोटा गोविन्दपुर के अरविन्द साहू के घर से ग्रामीण बैंक रेलवे फाटक, गोविन्दपुर थाना, विवेक नगर गोलचक्कर तीन तल्ला चौक, भांजु चौक, चाँदनी चौक होते हुए भोला बगान तक तथा शिव मंदिर से विग इंग्लिश स्कूल होते हुए मुख्य सड़क तक तथा इसको जोड़ने वाली अन्य पथों का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण । (लगभग 7.3 किलोमीटर)

## सुविधाएं

1. बोड़म प्रखण्ड में डिग्री कॉलेज का निर्माण कार्य जारी है
2. जमशेदपुर प्रखण्ड अन्तर्गत सारजामदा में स्टेडियम का निर्माण कार्य जारी है
3. बोड़ाम एवं पटमदा प्रखण्ड में पी. एच. ई. डी. विभाग के तहत चांडिल डेम से जलपूर्ती योजना 228 करोड़ की लागत से हर घर जल - नल योजना का कार्य जारी है ।
4. जमशेदपुर प्रखंड अन्तर्गत रूपईडांगा गांव में देश आजादी के बाद पहली बार बिजली की सुविधा उपलब्ध कराई गयी ।
5. पटमदा प्रखण्ड एवं जमशेदपुर प्रखंड के 8 पंचायतों के लिए 02 एम्बुलेंस की सुविधा मुहैया करायी गई

मंगल कालिंदी
विधायक, जुगसलाई सह सचेतक (सत्तारूढ़ दल)
झारखंड विधानसभा

आजाद सिपाही के 9वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**